देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–140 । सागर, मंगलवार 8 जुलाई 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

छतरपुर की धरती में मिला रॉक फॉस्फेट का भंडार, चमकेगी बुंदेलखंड की तकदीर पृष्ठ 3

▸ नोटबंदी से वोटबंदी तक
▸ विनाश को विस्तार देते युद्ध! पृष्ठ 4

▸ बाप-बेटे की एक साथ जलीं चिताएं तो हर आंख हुई नम पृष्ठ 6

नदी में गिरा अरहर दाल से भरा ट्रक, 2 घायल पृष्ठ 8

रिहायशी इलाकों में भी...

# नाक तक पहुंची बाढ़



# मध्यप्रदेश, हिमाचल, गुजरात-महाराष्ट्र सहित उत्तर भारत में पानी ही पानी

**नई दिल्ली,भोपाल,जबलपुर देशबन्धु।** जुलाई के शुरूआत से ही बारिश उत्तर भारत में अपने तीखे तेवर दिखा रही है। कहीं चार घंटे में 5 इंच तो कहीं बादल फट पड़ते हैं और ऐसी मूसलधार लगती है कि देखते ही देखते रिहायशी इलाकों में नाक तक पानी चढ़ जाता है। लोग अपनी जान और सामान बचाने की जद्दोजहद में लग जाते हैं। हिमाचल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, झारखण्ड सहित कई राज्यों में बड़ी संख्या में लोग बाढ़ से निपट रहे हैं। केन्द्रीय तथा प्रदेशों के राहत दल और सुरक्षा एजेंसियां बचाव कार्य में लगी हुई हैं।

## तेज बारिश से पुल पर बनी सड़क क्षतिग्रस्त

**दमोह, एजेंसी।** दमोह जिले में हो रही लगातार बारिश से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक में कुछ स्थानों पर पुल भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तेंदूखेड़ा ब्लाक के लिए जीवनदानी कहलाने बाली गौरैया नदी सोमवार को पूरे उफान पर रही। लगातार हो रही बारिश से झलोन और सर्रा के बीच बिसनाखेड़ी गांव के समीप से निकली गौरैया नदी के पुल पर बनी सड़क बह गई। बताया गया पूर्व में इस पुल की एक परत बह गई थी जिसके बाद पिछले वर्ष ही उसमें सुधार हुआ था। निबोरा निवासी राहुल यादव ने बताया वहाब तेज होने के कारण पूल का कुछ भाग बह गया है। अब चार पहिया वाहनों का आवागमन होना मुश्किल है।



## अनूपपुर में कार बही, पति-पत्नी और बच्चों की मौत

अनूपपुर में रविवार रात अमरकंटक रोड पर सजहा नाले में तेज बहाव के दौरान एक कार बहने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में एसईसीएल सोहागपुर के फोरमैन चंद्रशेखर यादव (38), उनकी पत्नी प्रीति यादव (37), पुत्र रेयांश (8) और पुत्री सीबी (2) शामिल हैं। हादसा तब हुआ जब पुलिया पर पानी होने के बावजूद चंद्रशेखर ने कार आगे बढ़ाई, जिससे वह बह गई।

बिहार में एक ही परिवार के 5 लोगों की हत्या

# महिला को डायन बता कर जिंदा जलाया

- 16 साल का बेटा घटना का चश्मदीद गवाह
- पूर्णिया जिले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र की घटना

**पटना, देशबन्धु।** बिहार में हत्या की बड़ी वारदात सामने आई है। प्रदेश के पूर्णिया जिले में एक महिला के डायन होने के शक में उसे और उसके परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। पांचों रविवार रात से ही रहस्यसमी ढंग से लापता थे। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के राजीगंज पंचायत के टेटगामा वार्ड संख्या 10 का है। इसी गांव में रहने वाले बाबू लाल उरांव, उसकी पत्नी और तीन अन्य लोगों को जिंदा जला दिया गया

मृतक बाबू लाल उरांव का 16 साल का बेटा खुद घटना का चश्मदीद गवाह है। वारदात के बाद से घर के आस-पास रहने वाले सभी लोग अपने घर से फरार हैं। पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है। घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कुछ लोगों को बाबू लाल उरांव की पत्नी पर डायन होने का शक था। इसी के बाद पड़ोसियों ने रविवार देर रात बाबू लाल उरांव, उसकी पत्नी और तीन अन्य को जिंदा जला कर मार डाला। पुलिस ने घटना की पुष्टि कर दी है, हालांकि इस पर अभी कुछ भी कहने से बच रही है। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना समेत आस-पास के तीन थाने की पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है।

### पुलिस 3 लोगों से पूछताछ कर रही

घटनाक्रम के वक्त बाबू लाल उरांव का बेटा किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा और नानी के घर पहुंचा, उसने आंखों देखी नानी को सुनाया, जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। चश्मदीद बच्चे को लेकर एसपी स्वीटी सहरावत घटनास्थल पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष उत्तम कुमार इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ कर रहे हैं। मृतकों की पहचान 70 वर्षीया मौसमात कातो देवी, 50वर्षीय बाबूलाल उरांव, 40 वर्षीय सीता देवी, 25 वर्षीय मनजीत कुमार और 20 वर्षीय रानी देवी के रूप में हुई है।

# पंजाब में बस पलटने से 8 की मौत, 32 घायल

- 40 यात्रियों को लेकर हाजीपुर से दसूहा जा रही थी
- एक कार से हुई टक्कर, बस चालक ने नियंत्रण खोया

**होशियारपुर, एजेंसी।** पंजाब में जिला होशियारपुर के तलवाड़ा-दसूहा मार्ग स्थित गांव संघरां के पास सोमवार सुबह हाजीपुर से दसूहा जा रही एक निजी मिनी बस कार से टकरा कर पलट जाने से एक बालक सहित आठ लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य सवार घायल हो गए। मुकेरियां के पुलिस उपाधीक्षक कुलविंदर सिंह विर्क ने बताया कि करीब 40 यात्रियों को लेकर बस हाजीपुर से दसूहा जा रही थी, तभी सामने से आ रही एक कार से टकरा कर बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। बस बेकाबू होकर बीच सड़क पर ही पलट गई, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गयी।

मृतकों में मां और पुत्री भी शामिल हैं, जिनकी पहचान रज्जू बाला पुत्री अशरफ और मीना पतनी अशरफ अली निवासी बुड्डा मल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों को इलाज के लिए दसूहा के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। प्रशासन को तुरंत घायलों की मदद करने के निर्देश दिए।

## श्रद्धालुओं की कार हादसे का शिकार, 3 महिलाओं की जान गई

**शहडोल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में उत्तरप्रदेश से छत्तीसगढ़ जा रहे श्रद्धालुओं की कार आज तड़के हादसे का शिकार हो गई, जिससे तीन महिला यात्रियों की मौत हो गई। ब्योहारी पुलिस सूत्रों ने बताया कि जोरा गांव के पास आज तड़के चार बजे रीवा-अमरकण्टक राजमार्ग पर एक कार के सड़क किनारे वृक्ष से टकराने से 3 महिला यात्रियों गायत्री कँवर, मालती पटेल और इन्दिरा बाई की मौत हो गई। वहीं चार गंभीर घायलों को ब्योहारी अस्पताल ने शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। सूत्रों के अनुसार वाहन सवार यात्री अयोध्या से तीर्थाटन कर वापस छत्तीसगढ़ जा रहे थे कि वाहन वृक्ष से टकरा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सार-समाचार

### राहुल वीडियो मामले में दिल्ली में भी प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सैनेटरी पैड वीडियो से जुड़े विवाद को लेकर यहां एक शिकायत दर्ज की गई है जिसे मिलाकर देशभर में इस मुद्दे में अब तक तीन शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। युवा कांग्रेस के अनुसार यह शिकायत संगठन के अध्यक्ष उदय भानु चिब, बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्ण अल्लावरु, लीगल सेल के चेयरमैन रूपेश सिंह भदौरिया के नेतृत्व में यहां मंदिर मार्ग पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। युवा कांग्रेस लीगल सेल दिल्ली के अध्यक्ष विवेक पुनिया द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से एक समानांतर शिकायत भी प्रस्तुत की गई है।

### छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था चरमराई : भूपेश बघेल

**रायपुर, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है और राजधानी रायपुर में भी लोग सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। उन्होंने दावा किया कि डेढ़ साल में भाजपा कार्यकर्ता भी असमंजस में हैं कि सरकार किसके नियंत्रण में चल रही है। प्रदेश में स्थिति किसी भी तरह से ठीक नहीं है। राज्य की जनता का भी सरकार से विश्वास उठ चुका है।

### संजोग गुप्ता 'आईसीसी' के नए सीईओ नियुक्त

**दुबई, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने संजोग गुप्ता को अपना सीईओ नियुक्त करने की घोषणा की है। 'आईसीसी' ने नए सीईओ का ऐलान करते हुए कहा, आईसीसी संजोग गुप्ता का स्वागत करता है। वह क्रिकेट की वैश्विक यात्रा को एक परिवर्तनकारी भविष्य की ओर लेकर जाने की तैयारी कर रहे हैं। आईसीसी ने मार्च में वैश्विक भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। इस पद के लिए 25 देशों से 2,500 से अधिक आवेदन आए थे। उम्मीदवारों में स्पोर्ट्स गवर्निंग बॉडी से जुड़े लीडर्स से लेकर विभिन्न क्षेत्रों के सीनियर कॉर्पोरेट एग्जीक्यूटिव शामिल थे।

### अवैध रूप से रह रहे 29 लोगों को डिपोर्ट किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे 29 विदेशी लोगों को पकड़कर डिपोर्ट किया। इनमें बांग्लादेश, आइवरी कोस्ट, नाइजीरिया, लाइबेरिया, तंजानिया और बेनिन के नागरिक शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि ये लोग बिना वैध वीजा के भारत में रह रहे थे, जिससे स्थानीय संसाधनों पर दबाव पड़ रहा था। द्वारका जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने डीसीपी द्वारका अंकित सिंह की निगरानी में यह कार्रवाई की।

लुधियाना में वन-टू-वन : पंजाब के निवेशकों को मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश में किया आमंत्रित

# 15 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, 20 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा



निवेशकों से बोले- आप यहां भी काम करते रहें, एक-दो फैक्ट्री मध्यप्रदेश में भी लगाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश का आर्थिक तंत्र मजबूत हुआ है। देश में औद्योगीकरण बढ़ा है, अब हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। लुधियाना भारत का मैन्चेस्टर है। यहां के उद्योगपतियों ने बड़ी मेहनत से अपनी पहचान बनाई है। लुधियाना में निर्मित ए-वन और हीरो साइकिल्स देश-दुनिया में मशहूर हैं। पंजाब के निवेशक देश की आर्थिक समृद्धि में योगदान देने वाले प्रमुख ध्वजवाहक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज लुधियाना में हुये इंटरैक्टिव सेशन, वन-टू-वन चर्चा और संवाद सत्रों में यहां के उद्योगपतियों से 15 हजार 606 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं, जिससे 20 हजार से अधिक रोजगार का सृजन होगा। हमने लुधियाना और पंजाब के उद्योपतियोंत को मध्यप्रदेश में उद्योग लगाने के लिये आमंत्रित किया। साथ ही उन्हें मध्यप्रदेश में उपलब्ध संसाधनों के साथ राज्य की औद्योगिक नीतियों से भी अवगत कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पंजाब की उद्योग नगरी लुधियाना में मध्यप्रदेश में निहित निवेश की संभावनाओं के संबंध में निवेशकों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का एकमात्र प्रदेश है, जहां पन्ना जिले में हीरा तो शहडोल में आयरन डिपाजिस्ट्स है। बीते दिनों सिंगरौली जिले में सोने की खदानें भी मिली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी निवेशकों को मध्यप्रदेश की रत्नगर्भा भूमि में निवेश करने के लिए आत्मीयता से आमंत्रित करते हुए कहा कि यहां व्यापार की असीम संभावनाएं हैं। आइये और मध्यप्रदेश में अपना दूसरा घर बनाईये। उन्होंने कहा कि निवेशक मध्यप्रदेश में जितने चाहें, उतने उद्योग-धंधे लगाएं, सरकार पलक-पावड़े बिछाकर आपका स्वागत करेगी, आपकी हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में उद्योग-धंधे लगाने के लिए जरूरत के मुताबिक भूमि, बिजली, पानी, कुशल कार्यशक्ति सब उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और पंजाब दोनों भाइयों की तरह हैं। ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### मप्र में पंजाब जैसी ही अनंत संभावनाएं : मंडलोई

सत्र के दौरान मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई ने देश के दिल मध्यप्रदेश में सभी निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि आज मध्यप्रदेश के विकास की झलक पंजाब में दिखाई दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्ल्ड क्लास लॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्रर उपलब्ध है। पंजाब के जैसे ही मध्यप्रदेश में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं हैं। पंजाब के निवेशकों के लिए मध्यप्रदेश लैंड ऑफ अपॉर्च्युनिटी बन सकती है।

### उद्योगपतियों को प्रदेश की नीतियों से कराया अवगत

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश तकनीक के क्षेत्र में तेजी से बढ़ता राज्य है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पूरा ध्यान राज्य के औद्योगिकीकरण पर है। मध्यप्रदेश में निवेश की अनंत संभावनाएं हैं। प्रदेश में नार्थ, साउथ कॉरिडोर हैं। यहां लॉजिस्टिक की अच्छी सुविधाएं हैं। हमारे पास एक लाख एकड़ से ज्यादा लैंड बैंक है। केंद्र की ओर से उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क, धार में पीएम मित्र पार्क, मुरैना में लेदर पार्क और बाबई में इलेक्ट्रिक उपकरण पार्क मिला है। राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास पर केंद्रित 18 नई ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### मध्यप्रदेश में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं : गुप्ता

चेयरमैन ट्राइडेंट ग्रुप राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि लुधियाना पंजाब का मैनचैस्टर जैसा है। पंजाबियों के हौंसले बुलंद हैं, जो देश-विदेश में जाकर काम कर रहे हैं। हमारे ग्रुप को 10 साल में मध्यप्रदेश से काफी सहायता मिली और आज हम एमपी से दुनिया के 100 देशों में निर्यात करते हैं। मध्यप्रदेश से अच्छा कोई राज्य देश में नहीं है। यहां 5 लाख करोड़ का निवेश अगले तीन साल में पूरा करेंगे। उज्जैन के पास एक इंस्टीट्यूट की शुरुआत करेंगे। पंजाब के जैसे ही मध्यप्रदेश में उद्योग-व्यापार की अनंत संभावनाएं हैं। मध्यप्रदेश ग्लोबल मार्केट के लिए लॉन्च पैड है।

### मध्यप्रदेश है ग्लोबल मार्केट के लिये लांच पैड : काजरा

उद्योगपति संजीव कालरा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लुधियाना की धरती पर स्वागत है। हमारी कंपनी ने पीथमपुर में दुनिया की बड़ी ट्रक निर्माण यूनिट लगाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व और विजन से हमें प्रेरणा मिलती है। मध्यप्रदेश को 500 बिलियन की इकोनॉमी बनाने का विजन प्रशंसनीय है। राज्य सरकार जमीन से जुड़े कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम पीथमपुर प्लांट से यूरोप समेत अन्य देशों में निवेश कर रहे हैं। मध्यप्रदेश ग्लोबल मार्केट के लिए लॉन्च पैड है। इंदौर देश का सबसे स्वच्छ शहर है। इंदौर में 300 एकड़ में बना व्हीकल टेस्टिंग ट्रैक हमारी कंपनी ने भी यूज किया है। उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि मध्यप्रदेश रेडी टू लीड ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा भारत

# ब्रिक्स देश घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे : मोदी



**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स समूह को नया आयाम देते हुए कहा है कि इसका मतलब 'सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन और नवाचार' है। रियो डी जेनेरियो में सोमवार को 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दूसरे और अंतिम दिन अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले वर्ष भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देश सभी विषयों पर घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे और समूह को फिर से परिभाषित करने पर काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, अगले वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत हम सभी विषयों पर घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे...हम ब्रिक्स को फिर से परिभाषित करने की दिशा में काम करेंगे। भारत अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा।

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स का मतलब होगा सहयोग और स्थिरता के लिए लचीलापन तथा नवाचार । उन्होंने कहा कि जिस तरह जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने जी-20 समूह को व्यापक बनाया और एजेंडे में ग्लोबल साउथ के मुद्दों को प्राथमिकता दी, उसी तरह ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान भारत इस मंच को जन-केंद्रित और मानवता सर्वोपरि की भावना से आगे ले जाएगा।

रियो डी जनेरियो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-मलेशिया के बीच संबंधों की प्रगति की समीक्षा की और निवेश व व्यापार संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशियाई पीएम अनवर इब्राहिम के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ बहुत अच्छी बैठक थी। मलेशिया भारत के लिए महत्वपूर्ण है, हमारे विजन महासागर और एक्ट ईस्ट पॉलिसी में इसका महत्वपूर्ण स्थान है।

एडीआर के वकील सिब्बल व सिंघवी ने जल्द सुनवाई की मांग की थी

# बिहार मतदाता सूची मामले में 10 को सुप्रीम सुनवाई

- आयोग के अभियान के खिलाफ कई याचिकाएं हैं दायर
- चुनाव आयोग ने सिर्फ एक महीने की समय सीमा दी है
- आयोग ने 11 दस्तावेजों की सूची जारी की है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के मामले को लेकर एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। एडीआर की ओर से दायर याचिका में वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने जल्द सुनवाई की मांग की है। सिब्बल ने कोर्ट में कहा, यह लाखों मतदाताओं का सवाल है। अगर इस कार्रवाई को तुरंत नहीं रोका गया तो इसका असर सबसे कमजोर तबके पर पड़ेगा।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के इस मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध स्वीकार करते हुए कहा कि अदालत गुरुवार इस मामले में विचार करेगी। वकील अभिषेक मुन सिंघवी ने कहा, 8 करोड़ मतदाता हैं और 4 करोड़ को गणना करनी है। यह नामुमकिन काम है। 25 जुलाई तक दस्तावेज जमा करने की समय सीमा इतनी सख्त है कि अगर कोई चूक गया, तो उसका नाम सूची से बाहर हो जाएगा। उन्होंने कहा, यह समय सीमा इतनी कम है कि लाखों लोग प्रभावित हो सकते हैं। इसके साथ ही वकीलों ने यह भी मांग की कि इस मामले की सुनवाई आज या कल की जाए, क्योंकि चुनाव आयोग ने सिर्फ एक महीने की समय सीमा दी है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 10 जुलाई (गुरुवार) को करने के लिए राजी हो गया ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### मतदाताओं को न्याय दिलाने के लिए पहुंचे कोर्ट: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता वोटर सूची में नाम जुड़वाने के लिए परेशान हो रहे हैं और उन्हें आयोग की शर्तों के अनुसार दस्तावेज जुटाने में भारी दिक्कत हो रही है इसलिए लोगों को राहत देने के मकसद से और उनके साथ न्याय की मांग करते हुए इस मुद्दे को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। कांग्रेस ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### 2 गुजराती 8 करोड़ बिहारियों के वोट छीनने की कोशिश में : लालू

**पटना, एजेंसी।** बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले कराए जा रहे वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन को लेकर सियासी घमासान छिड़ गया है। इसको लेकर विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से सरकार पर तीखा हमला बोला है। लालू प्रसाद ने एक्स पर लिखा, दो गुजराती ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

# पूर्व मंत्री ने विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया

**खुरई, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां 33.18 करोड़ लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने यहां के संत रविदास वार्ड में गरीब मजदूर वर्ग के लिये रेंटल हाउसिंग प्रोजेक्ट के तहत 50 आवासीय मकानों, 1 करोड़ की लागत से दुबे कालोनी से डीपीएस स्कूल तक सीसी निर्माण, 2.5 करोड़ की लागत से अमर फैक्ट्री से बायपास तक सीसी मार्ग तथा 1 करोड़ की लागत से खुरई नगर पालिका के 12 वार्डों में सोलर सिस्टम सहित स्ट्रीट लाईट कार्य का भूमिपूजन किया। जिन कामों के लोकार्पण व शुभारंभ किये गये उनमें 4 करोड़ की लागत से निर्मित पीडब्ल्यूडी विभाग का नवीन रेस्ट हाऊस, 2 करोड़ की लागत से निर्मित अमर फैक्ट्री से बायपास तक सीसी निर्माण, 1 करोड़ की लागत से निर्मित निर्तला मेन रोड से लुहर्रा सीसी मार्ग, 35 लाख की लागत से निर्मित खिमलासा मेन रोड से मुहली बुजुर्ग तक बीटी रोड निर्माण कार्य हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि उन्होंने मंत्री रहते हुये एडीबी प्रोजेक्ट से 350 करोड़ लागत के जो विकास कार्य स्वीकृत किये थे अब वे कार्य अब क्रमशः पूर्णता की ओर पहुंचकर खुरई के विकास के मानचित्र में शामिल होते जा रहे हैं। खुरई को विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण में नंबर वन बनाने की सूची में एक नई उपलब्धि जुड़ गई है।



भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के विशेषज्ञों के दल ने जिले के सभी अस्पतालों की व्यवस्थाओं और सुविधाओं का निरीक्षण करते हुये खुरई सिविल अस्पताल को 89 प्रतिशत अंकों के साथ नंबर वन घोषित किया है। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने इसके लिये खुरई की जनता को बधाई देते हुये इसका प्रमाण पत्र खुरई बीएमओ डॉ. रामजी ठाकुर को सौंपा। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आप सब के सहयोग खुरई को मेडीकल हब, एजुकेशन हब और इंडस्ट्रियल हब बनाने का संकल्प मेरा है जो ईश्वर की कृपा से पूरा होगा। उन्होंने कहा कि खुरई अस्पताल के भवन का निर्माण और लगातार विस्तार, पीडियाट्रिक विभाग खोलना, सेप्रेशन यूनिट सहित जिले का सबसे अधिक क्षमता का ब्लड बैंक, ऑक्सीजन प्लांट, 3 डायलिसिस मशीनें, सोनोग्राफी मशीनें, एडवांस लैब, एयरकंडीशन व्यवस्था, पार्क, जल उपलब्धता, स्ट्रीट लाइट सहित रोड इस उद्देश्य से बनाये गये हैं कि यहां मेडीकल कॉलेज खोला जा सके। इसके लिये अस्पताल से लगी 12 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर मेडीकल कालेज के लिये आरक्षित किया जा चुका है जिसका बोर्ड उस भूमि पर लगा दिया गया है। श्री सिंह ने नवीन रेस्ट हाउस का लोकार्पण करने के पूर्व उसके परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम के दौरान भूपेंद्र सिंह ने सफाई मित्रों को एक लाख के रैनकोट वितरित किये। पांच सफाई मित्रों को किट वितरण की। उन्होंने नगर पालिका व प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि वर्षाकाल में नगर में कही भी जलभराव नहीं हो। जिन भी घरों में जलभराव जैसी समस्याओं से किसी परिवार को आवास की समस्या उत्पन्न हो उन्हें रैन बसेरा में रखा जाये और उनकी भोजन व्यवस्था भी की जाये।

## रिमझिम बारिश के बीच शुरू हुई दो दिवसीय श्री हनुमंत कथा



**जैसीनगर, देशबन्धु।** प्रसिद्ध राजाखोह धाम मंदिर में हृदयेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में दो दिवसीय उत्सव की भव्य शुरुआत सोमवार को हुई। इस उपलक्ष्य में नगर के नव बस स्टैंड पर दो दिवसीय हनुमान कथा का आयोजन, भव्य शोभायात्रा के साथ शुरू की गई। दोपहर 2 बजे से शोभायात्रा राजाखोह धाम से गाजे बाजे के साथ शुरू होकर राम मंदिर एवं मुख्य बाजार से होकर बस स्टैंड पहुंची, जहां कथा व्यास पं. अंकित कृष्ण टेनगुरिया बटुक महाराज के मुखारबिंद श्री हनुमंत कथा का रसपान श्रोताओं को कराया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे, नगर में जगह जगह श्रद्धालुओं द्वारा शोभायात्रा का स्वागत फूलों की बरसा कर किया गया। राजाखोह धाम विकास समिति के तत्वाधान में आयोजित वार्षिक उत्सव में हृदयेश्वर महादेव का चार पहर का अभिषेक भी किया जायेगा।

## राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिये डीपीएस के छात्र केतन मिश्रा चयनित



**सागर, देशबन्धु।** राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चयनित दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया सागर विज्ञान एवं तकनीकी विभाग, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय नव प्रवर्तन प्रतिष्ठान के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने वैज्ञानिक मॉडल एवं नवाचार प्रस्तुत किये। प्रदर्शनी 4 जुलाई को शास. उ. उच्च. माध्य. विद्यालय सागर में संपन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर इंजी. ऋतुल सराफ एवं प्राचार्य जिजीष जोसफ ने विद्यार्थियों के विचारों और वैज्ञानिक सोच की सराहना की। प्रदर्शनी में दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया के छात्र केतन मिश्रा कक्षा 8 के छात्र ने हेल्थ ब्लेक बोर्ड डस्टर विथ सोलर एनर्जी पर आधारित मॉडल तैयार किया। जिससे लोगों को ब्लैकबोर्ड डस्ट से होने वाली एलर्जी और अस्थमा जैसी बीमारी से छुटकारा दिलाने में सहायक है। यह मॉडल जिलास्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में चयनित होकर अब राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में सागर संभाग का नेतृत्व करेगा। पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, जल प्रबंधन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, स्वास्थ्य सेवाओं और कृषि आधारित तकनीकों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किये गये। राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां विद्यार्थियों को विज्ञान और अनुसंधान के प्रति प्रेरित करती हैं तथा नवाचार को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किये।

## 85 बच्चों को मिली सामग्री, दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है: मनीष यादव

**शाहगढ़, देशबन्धु।** जनपद शिक्षा केंद्र पर सोमवार को दिव्यांग बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की गई। यह वितरण समग्र शिक्षा अभियान के तहत किया गया, जबलपुर से आई विशेषज्ञ टीम से डॉ. प्रिया वर्मा, डॉ. सुभाष चंद्रा ऑडियो लाजिस्ट, डॉ. विकास कुमार, डॉ. विकास शुक्ला ने लाभार्थियों को कृतिम उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी दी, जिसमें विशेष रूप से सक्षम बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये शैक्षिक किट प्रदान की गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मदद करना था। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद अध्यक्ष मनीष



यादव, जिला पंचायत सदस्य गुलाबचंद गोलन, जनपद उपाध्यक्ष संतोष लोधी सहित मौजूद अधिकारियों ने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे दिव्यांग बच्चों को बोझ न समझें, बल्कि सरकार और विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठायें। वितरित की गई सामग्री में होम बेस्ड किट, सुगम वर्कशीट, दृष्टिबाधित छात्रों के लिये ब्रेल लिपि पुस्तक और लार्ग बुक किट, मूक बधिर बच्चों के लिये वर्कशीट और अधिगम अक्षम छात्रों के लिये विशेष शिक्षण सामग्री शामिल थी। शिविर में बीआरसी संगीता गर्ग, बीएसी दिनेश पांडेय, भरत यादव, मनोहर अहिरवार, एमआरसी पुरुषोत्तम दुबे एवं शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

## श्री सिद्धेश्वर उद्यान में विधायक ने किया पौधारोपण



**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन ने अपने प्रतिदिन पौधारोपण अभियान के अंतर्गत सोमवार को शिवाजी वार्ड स्थित श्री सिद्धेश्वर उद्यान में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ पौधारोपण किया, उल्लेखनीय है कि विधायक जैन ने इस बारिश के मौसम में प्रतिदिन पौधारोपण का संकल्प लिया है और लोगों से एक वर्ष में कम से कम 50 पौधे लगाने का आग्रह किया है, इसी कड़ी में उन्होंने पौधारोपण किया। इस अवसर पर विक्रम सोनी, मनीष चौबे, हेमंत यादव, सुबोध पाराशर, प्रासुख जैन सहित स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## कचरे की बदबू से परेशान ग्रामीण, विरोध में सड़क पर उतरे ग्रामीण



**बीना, देशबन्धु।** नगर में कचरा प्रबंधन व्यवस्था पूरी तरह से विफल हो गई है। पिछले छह महीनों से एफएसटीपी फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट से कचरा नहीं उठाया गया है। इससे वहां करीब 2700 टन कचरे का ढेर लग गया है। नगर से रोजाना 15 से 20 टन कचरा निकलता है। नगर पालिका की अनुबंधित कंपनी एबी इन्फ्रा इस कचरे को कुरुआ गांव के पास रेल लाइन के दूसरी तरफ स्थित एफएसटीपी में डाल रही है। इस कचरे को न तो प्रोसेस किया जा रहा है और न ही हटाया जा रहा है। सोमवार को कुरुआ गांव के लोगों ने कचरा ले जा रहे वाहनों को रोक दिया। नगर पालिका के स्वच्छता प्रभारी मुकेश तिवारी और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। एक घंटे की बातचीत के बाद वाहनों को खिमलासा रोड स्थित बेलई तिगड्डा की तरफ मोड़ना पड़ा। हालांकि कलेक्टर ने पहले ही वहां कचरा डालने पर रोक लगा रखी है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कचरे के ढेर के चलते हमारी जिंदगी नरक जैसी हो गई है। एफएसटीपी की खंतियां पूरी तरह भर चुकी हैं। कचरे को या तो खुले में फैलाया जा रहा है या फिर जलाया जा रहा है। इससे निकलने वाले धुयें और दुर्गंध से आसपास के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। स्वच्छता नोडल अधिकारी और उपयंत्री विवेक ठाकुर ने माना कि यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को हल करने के लिये सीएमओ से चर्चा की जायेगी।

## जिले की सभी जर्जर स्कूल सहित अन्य भवन गिराने की की जा रही कार्यवाही

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने विगत दिवस निर्देश दिये कि जिले में कोई भी स्कूल भवन सहित अन्य भवन क्षतिग्रस्त जर्जर नहीं हो इसके लिये तत्काल कार्यवाही करें और दो दिवस में गिराने की कार्यवाही करे, निर्देश की तत्काल पश्चात जिले की सभी जर्जर स्कूल भवन एवं अन्य भवन को करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिये कि जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के अधिकारी यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि उनके अधीन कोई भी जर्जर भवन शेष नहीं है। उन्होंने कहा कि डीईओ, डीपीसी अपने निचले स्तर प्राचार्य, बीईओ, बीआरसी, जनशिक्षक से यह लिखित में लें कि कोई भी विद्यालय जर्जर नहीं है। इसी प्रकार निगमायुक्त, सीएमओ, तहसीलदार भी सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में कोई भी भवन जर्जर नहीं है। यदि जर्जर भवन हटाने से विद्यालय संचालन या अन्य कोई समस्या उत्पन्न होती है तो आसपास के सामुदायिक भवन या अन्य शासकीय भवनों में व्यवस्था सुनिश्चित कराई जावे। इसके बाद भी कोई भी घटना होने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारी, स्कूल प्रबंधन, मकान मालिक दोषी होंगे। कलेक्टर के निर्देश पर सागर, रहली, खुरई, राहतगढ़, मालथोन, देवरी में स्कूल भवन सहित अन्य भवनों को गिराने की कार्यवाही की गई। नगर निगम क्षेत्र में भी नगर निगम के द्वारा अनेक जर्जर भवनों को जो की चिन्हित किये गये थे उनको गिराने की कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार सभी नगरी निकायों में भी यह कार्यवाही की जा रही है। अब तक जिले में 700 से अधिक भगवानों को गिराने की कार्यवाही की गई है।

## भक्ति के लिए धनवान होना जरूरी नहीं है: आर्यिका श्री



**मालथौन, देशबन्धु।** मालथौन के जैन बड़ा मंदिर जी मे चल रहे श्री 1008 सिद्ध चक्र महामण्डल विधान में पंचम दिवस विधानचार्य नीलेश भैया एवं योगेश भैया ने मंत्रोच्चार कर अष्टद्रव्य से 256 अर्घ्य समवशरण में श्रावकों ने समर्पित किये। आर्यिका श्री सूत्रमती माताजी संसघ के मंगल सानिध्य हो रहे धार्मिक अनुष्ठान से धर्म प्रभावना बह रही हैं। सघस्थ विराजमान आर्यिका श्री शीतलमति माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते कहा कि भक्ति के लिये धनवान होना जरूरी नहीं है। उन्होंने एक प्रसंग सुनाते हुये कहा की उन दिनों की बात है आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का विहार पौंड्रा की और चल रहा था, नगर में अगवानी होनी है। समाज के छोटे परिवार चूड़ी बेचने वाले व्यक्ति ने चौका लगाने भावना भायी, उसने जैसे तैसे चौका लगाया। उसी समय असाता कर्म से आचार्य श्री के पैर हरपीच हो गई चलने में दिक्कत थी, पौंड्रा में बहुत चोके लगे हुये थे एक से एक धनवान लगाये हुये थे। उस समय सब यही सोच रहे थे आचार्य श्री के आहार हो, लेकिन उसके चोके में पड़गाहन हो गया। जिसका एक किलोमीटर दूर था फिर आचार्य श्री उसके चौके आहार के लिये पहुंचे। इसलिये कहते भक्ति के लिये धनवान होना जरूरी नहीं हैं मन में आस्था और शृद्धा होना आवश्यक हैं। आचार्य श्री की दूरगामी सोच थी। पहले विधान करवाने के पं. शास्त्री को तलाशना पड़ता है आचार्य श्री ने संघ के ब्रह्मचारी भैया को प्रतिष्ठाचार्य, विधाचार्य बनाया। आज आचार्य श्री की कृपा से हर जगह विधान हो रहे हैं।

### सावन में शिव भक्ति की गंगा

## सांसद द्वारा श्री रुद्र महायज्ञ व शिव महापुराण सत्संग का भव्य आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सांसद लता गुड्डू वानखेड़े द्वारा उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया के वैदिक वाटिका गार्डन बटालियन के पीछे में 12 से 14 जुलाई तक तीन दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ, असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक एवं संगीतमय श्री शिव महापुराण सत्संग का भव्य आयोजन किया जा रहा है। विश्व शांति, जन कल्याण और शिव भक्ति की भावना को समर्पित आयोजन का यह लगातार चौथा वर्ष है। इस आयोजन में हर वर्ष हजारों श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं और सामूहिक रूप से पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक और सत्संग के माध्यम से भगवान शिव की आराधना करते हैं। यह कार्यक्रम महंत पं. केसव गिरी की उपस्थिति एवं पावन सान्निध्य मे संपन्न होगा। 11 जुलाई को शाम 4 बजे कलश यात्रा से कार्यक्रम की प्रारंभ होगा, जिसमें महिलाओं द्वारा पारंपरिक परिधान में भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी। 12 जुलाई से प्रातः 9 बजे से तीन दिन तक रुद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक और श्री शिव महापुराण का सत्संग होगा। यज्ञ स्थल पर तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है, यज्ञशाला का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी है और बारिश से बचाव हेतु वॉटर प्रूफ टेट की व्यवस्था की जा रही है यज्ञ में सम्मिलित श्रद्धालुओं को बेलपत्र, पूजन सामग्री एवं अभिषेक सामग्री आयोजन स्थल पर सांसद डॉ. वानखेड़े द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। पार्थिव शिवलिंग निर्माण हेतु शुद्ध मिट्टी की समुचित व्यवस्था की जा रही है। इसकी जिम्मेदारी स्थानीय नागरिकों को सौंपी गई है ताकि आयोजन पूरी श्रद्धा और पवित्रता से संपन्न हो सके।

## पेपरलेस पंचायत चुनाव के लिये तैयारियां शुरू

**सागर, देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल की टीम ने आगामी पंचायत चुनावों के लिये शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में पीठासीन अधिकारियों और सेक्टर अधिकारियों को इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम की जानकारी दी। राज्य निर्वाचन आयोग के प्रोग्रामर भूपेंद्र कुमार अमोदे द्वारा इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम के संबंध में अधिकारियों को आईपीबीएमएस के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसमें मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये सॉफ्टवेयर का उपयोग शामिल है। आईपीबीएमएस में पोलिंग बूथ से संबंधित जानकारी, मतदाता को सर्च करना, डिजिटल साइन एवं थंब डिवाइस के उपयोग को सरल तरीके से समझाया। मतदान संबंधी नियम और प्रक्रिया को अमर जैन नोडल अधिकारी द्वारा मतदान संबंधी नियमों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स ने ईव्हीएम मशीनों के संचालन, तकनीकी समस्याओं एवं अन्य पहलुओं के बारे में मतदान के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के बारे में प्रशिक्षित किया। मोबाइल एप के संबंध में आयोग के प्रोग्रामर नुपुर पाराशर ने सभी सेक्टर अधिकारियों, पीठासीन अधिकारियों हेतु चुनाव के दौरान रीयल टाइम जानकारी भेजने हेतु बनाये गये मोबाइल एप के प्रयोग हेतु दिशा निर्देश दिये। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी पंचायत चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराना है। प्रशिक्षण को प्रेक्षक अनंत नारायण अरोड़ा, रा.प्र.से. सेवानिवृत ने भी संबोधित किया। राज्य निर्वाचन आयोग के उपसचिव सुतेश शाक्य ने सभी को इस पेपरलेस चुनाव कराने हेतु आयोग की प्रतिबद्धता से अवगत कराया।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**बीना, देशबन्धु।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर नगर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्रनिष्ठ जीवन, उनके बलिदान और अखंड भारत के प्रति उनके संकल्प को याद करते हुये उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। उनका ऐतिहासिक उद्घोष एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे आज भी देशभक्ति और राष्ट्र एकता का प्रेरक मंत्र है। इस अवसर पर रमेश जडिया, मनोज शर्मा, रमाकांत बिलगैया, लोकेंद्र ठाकुर, सचिन समैया, रतन यादव, बलराम राय, राजेश राय, जितेंद्र राय, जितेंद्र बोहरे सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गंगा आरती में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धजनों ने शामिल होकर धर्म लाभ लिया

**सागर, देशबन्धु।** ऐतिहासिक लाखा बंजारा झील को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने व स्वच्छता के प्रति जन जागरुकता लाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में प्रत्येक सोमवार को लाखा बंजारा झील किनारे चकराघाट पर आयोजित की जा रही गंगा आरती में बड़ी संख्या में नागरिक महिलायें, बच्चे, युवा, बुजुर्ग श्रद्धा के साथ सभी शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं, इस सोमवार को बारिश का मौसम होने के बावजूद भी उत्साह के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण गंगा आरती में शामिल हुये। बारिश के दौरान गंगा आरती में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिये पंडाल लगाकर आरती की व्यवस्था की गई है। नागरिक परिवार और मित्रों के साथ झील के आकर्षक घाट, छतरियों एवं मंदिरों में बैठकर गंगा आरती में उत्साह के साथ शामिल होकर धर्म लाभ ले रहे हैं। ऐतिहासिक धरोहर लाखा बंजारा झील किनारे गंगा आरती का यह अद्भुत आयोजन नागरिकों को झील से जोड़ रहा है।



## स्कूल परिसर में भरा बारिश का पानी, लहरावदा में ट्रैक्टर से 200 बच्चों को सुरक्षित निकाला

**बीना, देशबन्धु।** लहरावदा स्थित शासकीय हाईस्कूल में सोमवार को बारिश का पानी भर गया। चारों तरफ से पानी से घिरने के कारण करीब 200 छात्र-छात्रायें और स्कूल स्टाफ अंदर फंस गया। भानगढ़ थाना प्रभारी सत्येंद्र भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या हर साल आती है। स्कूल भवन के सामने सड़क ऊंची होने से खेतों का पानी बाहर नहीं निकल पाता। पिछले साल भी ऐसी ही स्थिति बनी थी, तब भी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बच्चों को निकाला गया था। विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों ने प्रशासन से जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और बिगड़ सकती है। थाना प्रभारी सत्येंद्र भदौरिया ने कहा कि उनकी प्राथमिकता बच्चों की सुरक्षा थी। इसलिये तुरंत ट्रैक्टर की व्यवस्था कर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया।



## जल भराव क्षेत्रों से पानी की निकासी तत्काल करायें: कमिश्नर

**सागर, देशबन्धु।** कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग के सभी नगरीय निकायों में जहां वर्षा के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही है। ऐसे सभी जल भराव वाले स्थानों से पानी की निकासी की तत्काल व्यवस्थायें करने के निर्देश नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों को दिये। सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिक अधिकारियों को निर्देश दिये कि वर्षा काल में नगरीय क्षेत्रों में जल भराव नहीं हो, इसकी समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। नालियों, सार्वजनिक स्थलों की समुचित साफ सफाई करायें। नगरीय क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों और शासकीय भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाये, नगरीय क्षेत्रों की सड़के जहां गड्ढे हुये हो ऐसे सभी गड्ढों को चिन्हित करें और सभी गड्ढों को भरवाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभी नगरीय क्षेत्रों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने साथ ही नगरीय क्षेत्रों से कचरे का उठाव नियमित करने के कमिश्नर ने उक्त निर्देश सोमवार को नगरीय प्रशासन विभाग एवं उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये। नगरीय प्रशासन विभाग में सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की जिलेवार समीक्षा करते हुये कहा कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण पूरी पारदर्शिता के साथ प्राथमिकता के साथ करायें। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि स्वच्छ भारत मिशन के कार्य तेजी से पूर्ण करायें।



स्वच्छ भारत मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसका लाभ लोगों को मिलना चाहिये। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा की। बैठक में महाप्रबंधक उद्योग ने कमिश्नर को उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। वहीं संभाग में विकसित ओद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी ही तथा ओद्योगिक क्षेत्रों की गतिविधियों से अवगत कराया। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास राकेश शुक्ला, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### रेत का अवैध खनन रोकने पर की बेरहमी से पिटाई

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम ढड़ारी में सोमवार की सुबह रेत का अवैध रूप से खनन से रोकने पर एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। घायल ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम ढड़ारी निवासी प्रदीप तिवारी ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 9 बजे गांव के पांच लोग उसके खेत के बगल से गुजरने वाली नदी में अवैध रूप से रेत निकाल रहे थे। प्रदीप ने इसका विरोध किया। इससे नाराज होकर आरोपियों ने उस पर फावड़े से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत निजी वाहन से सिविल लाइन थाने ले गए। जहां शिकायत दर्ज कराई गई।

### वैदिक गणित में डिप्लोमा कर पाए रोजगार

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी के मार्गदर्शन ममें विद्यार्थियों को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से डिप्लोमा इन वैदिक मैथमेटिक्स संचालित हो रहा है। बताया गया है इस एक वर्षीय पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित के प्रश्नों को शीघ्र एवं सही हल निकाल सकते हैं। इससे विद्यार्थियों को ज्योतिष विज्ञान के अध्ययन एवं जानकारी में भी मदद मिलेगी। इस पाठयक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। जो भी प्रवेश लेना चाहें वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी प्रकार की परेशानी होने पर हेल्प डेक्स से या डॉक्ट एन पी प्रजापति विभाग अध्यक्ष वैदिक गणित से संपर्क किया जा सकता है।

### जेसीबी मशीन के टायर में हवा भरते समय विस्फ़ोट से एक मृत

**छतरपुर, देशबन्धु।** बमीठा थाना क्षेत्र में रविवार को जेसीबी मशीन के टायर में हवा भरते समय अचानक टायर में ब्लास्ट हो गया। धमाके की चपेट में आकर घायल हुए किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम गंज-कदौंहा निवासी नरेंद्र पुत्र राकेश कुशवाहा 16 वर्ष रविवार की शाम करीब पौने 5 बजे एक दुकान पर जेसीबी मशीन के टायर में हवा भर रहा था, तभी अचानक टायर ब्लास्ट हो गया। जिससे नरेंद्र बेहोश हो गया, उसे निजी वाहन से छतरपुर जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत्यु की पुष्टि होने के बाद परिजन शव को घर ले जाने लगे, लेकिन अस्पताल स्टाफ ने बिना पोस्टमॉर्टम (पीएम) के शव ले जाने से मना कर दिया। इसी को लेकर पुलिस और परिजनों के बीच झड़प हो गई। काफी समझाइश के बाद शव को इमरजेंसी में ले जाया गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक परिजन पीएम के लिए सहमत नहीं हुए थे।

### बागेश्वर धाम से 30 वर्षीय श्रद्धालु लापता

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के ग्राम गढा स्थित बागेश्वर धाम से महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के सेगांव से आया एक 30 वर्षीय श्रद्धालु बालकृष्ण कलसकार लापता हो गया है। युवक की मां चंदा कलसकार ने गढ़ा चौकी में अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। चंदा ने बताया वह अपने बेटे बालकृष्ण के साथ 3 जुलाई को बागेश्वर धाम दर्शन के लिए आई थीं। रामदरबार क्षेत्र में दर्शन के समय बेटा अचानक गायब हो गया। मंदिर परिसर और आसपास उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिला। लापता बालकृष्ण की पहचान के लिए पुलिस ने उसका हुलिया जारी करते हुए बताया कि वह 5 फीट 5 इंच लंबाई वाला गोरे रंग है, गायब होने के समय वह फुल पैंट और शर्ट पहने हुए था। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज करके मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरु कर दी है।

### जिला स्तरीय पर्यटन क्विज के लिए पंजीयन जारी

**छतरपुर, देशबन्धु।** पर्यटन बोर्ड द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सहयोग से एक अगस्त को जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का आयोजन किया जाएगा। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इसके लिए इन दिनों पंजीयन जारी है, जो 18 जुलाई तक किया जाएगा। क्विज प्रतियोगिता की प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी ने बताया जिले के प्रत्येक स्कूल से एक टीम को आमंत्रित किया गया है। 1 अगस्त को लिखित परीक्षा के बाद 6 टीमें चुनकर उसी दिन मल्टीमीडिया क्विज होगी।

### भारत सरकार के खनिज मंत्रालय ने दी सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी को 3 साल की लीज

# छतरपुर की धरती में मिला रॉक फॉस्फेट का भंडार, चमकेगी बुंदेलखंड की तकदीर





**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले के बकस्वाहा अंचल के घने जंगलों की रत्नगर्भा धरती के अंदर फॉस्फेट की चट्टानें मिली हैं। जिनमें फिलहाल 57 लाख मीट्रिक टन रॉक फॉस्फेट के अकूत भंडार छुपा है। भारत सरकार के खनन मंत्रालय ने सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी को 3 साल की लीज देकर खनन की अनुमति दे दी है। जल्द ही यहां खनन शुरु होने की उम्मीद है।

छतरपुर जिले के बकस्वाहा अंचल के जंगल और रत्नगर्भी धरती प्रदेश की तकदीर और तस्वीर बदलने वाली है। पहले यहां एक सर्वे में जमीन के नीचे 3 करोड़ कैरेट से ज्यादा लगभग 6000 किलो हीरे का भंडार मिला था। अब बकस्वाहा तहसील इलाके में भू-वैज्ञानिकों के सर्वेक्षण में ग्राम सूरजपुरा और इससे सटे ग्राम पल्दा, सगौरिया, गरदौनियां में फॉस्फोराइट पत्थर की खोज की गई है। यहां 1070 हेक्टेयर में 57 लाख मीट्रिक टन रॉक फॉस्फेट का विशाल भंडार पाया गया है। सूत्रों की मानें तो इसके खनन के लिए भारत सरकार की ओर से सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी को 3 साल की लीज दी गई है। अब कंपनी को कई तरह की स्वीकृतियां लेकर विस्तृत खनन योजना बनाएगी। जिसमें खनन के तकनीकी चरण, श्रमिकों की नियुक्ति, पर्यावरण की अनुमित, अपशिष्ट प्रबंधन, परिवहन और सुरक्षा अनिवार्य होती है। इसके बाद खनन शुरु कर दिया जाएगा।

छतरपुर में खनिज संपदा की खोज से जहां प्रदेश सरकार का खजाना भरेगा, वहीं जिले में रोजगार के नए-नए अवसरों का सृजन और विकास भी होगा। छतरपुर जिले में शुरु होने वाली इस बड़ी खनन परियोजना से ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, यहां नए-नए उद्योग स्थापित होने की संभावना भी बढेंगीं। इस परियोजना में कुशल, अर्धकुशल और अकुशल श्रमिकों की आवश्यकता से यहां के ग्रामीण श्रमिकों को गांव में ही आसानी से रोजगार का अवसर भी मिलेगा। इसके अलावा खनन से संबंधित परिवहन, मशीनरी, भंडारण, भोजन, सुरक्षा और अन्य सहायक सेवाओं से भी रोजगार मिलेगा।

#### आखिर क्या है फास्फोराइट का उपयोग

विशेषज्ञों के मुताबिक छतरपुर जिले में मिला फास्फोराइट, फॉस्फोरस का प्रमुख स्रोत होता है। ये फॉस्फोराइट कृषि क्षेत्र में उर्वरक बनाने के लिए महत्वपूर्ण कच्चा माल माना जातौ, खासकर डीएपी खाद बनाने के लिए प्रमुखता से इसका उपयोग होता है। इसके अलावा पशु आहार, डिटर्जेंट, रसायनों, सिरेमिक, डाई, प्लास्टिक और अन्य औद्योगिक उत्पादों में भी इसका प्रयोग किया जाता है। इसका खनन और दोहन आर्थिक दृष्टिकोण से फायदेमंद साबित होगा।

#### इनका कहना है

फॉस्फोराइट एक मिनरल होता है, जिसका स्रोत रॉक फॉस्फेट चट्टान होती हैं। जिसमें फॉस्फोराइट मिनरल डिपॉजिट होते हैं। जिले के बक्सवाहा के आसपास के गांवों में इस खनिज तत्व के खोज की पुष्टि हुई है। ये खोज और इसका खनन फायदेमंद होगा।

**डॉ पीके जैन,**
एचओडी, भूगर्भ विभाग एमसीबीयू

भूगर्भ सर्वे में सूरजपुरा क्षेत्र के 1070 हेक्टेयर में फास्फोराइट मिलने और इसके खनन की अनुमति सनफ्लैग आयरन एंड स्टील को मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कंपनी को पर्यावरण स्वीकृति, वन विभाग की अनापत्ति और राज्य खनिज विभाग की औपचारिक अनुमति लेना होगी। ये सारी स्वीकृत लेने के बाद कंपनी यहां 3 साल तक खनन का काम शुरु कर सकेगी।

**अमित मिश्रा**
जिला खनिज अधिकारी, छतरपुर

### वृद्ध मां बोली : षड्यंत्र पूर्वक की गई उसके बेटे की हत्या



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले में उसकी वृद्ध मां ने गंभीर आरोप लगाकर सोमवार को एसपी ऑफिस में शिकायत दर्ज कराई है। उसने अपने बेटे की षडयंत्र पूर्वक तरीके से हत्या के पीछे परिवार के कुछ लोगों को जिम्मेदार ठहराकर जांच की मांग की।

महाराजपुर के वार्ड नंबर 2 की निवासी मुन्नी बाई ने बताया गत 18 जून को उनके पुत्र प्रदीप चौरसिया का शव महाराजपुर की कमल तलैया में मिला था। उसका आरोप है कि कृषि भूमि और बरेजे की जमीन को लेकर प्रदीप का उसकी बुआ साधना चौरसिया और साधना की पुत्री माधुरी चौरसिया के साथ विवाद चल रहा था। छतरपुर न्यायालय में प्रकरण भी लंबित है। मुन्नी बाई ने आरोप लगाया कि साधना चौरसिया, उसके पति जयप्रकाश चौरसिया, पुत्र प्रशांत और सचिन तथा पुत्री माधुरी ने प्रदीप को कई बार उसे जान से मारने की धमकी दी थी। उसका कहना है कि साधना और माधुरी ने साजिश रचकर जयप्रकाश, प्रशांत और सचिन के माध्यम से प्रदीप को शराब पिलाई और उसके हाथ बांधकर उसे कमल तलैया में फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मुन्नी बाई ने पुलिस से इस मामले की जांच करके दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## दीक्षा महोत्सव : पहले दिन 18 सौ लोगों को मिला गुरु मंत्र



**छतरपुर, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम में 2 जुलाई से 11 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 7 एवं 8 जुलाई को दो दिवसीय गुरुदीक्षा महोत्सव रखा गया है। पहले दिन 1800 लोगों को पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मंत्र देकर दीक्षित किया है। दो दिनों में 4 हजार लोगों को दीक्षा लेना है।

बताया गया है दस राज्यों के लोगों ने गुरु दीक्षा के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन कराया है। महोत्सव के पहले दिन महाराज ने अपरान्ह करीब 3 बजे कथा पंडाल में आकर दीक्षा लेने के नियम बताकर कहा कि नियम और संयम से रहने वाले ही गुरु मंत्र लेकर जीवन भर सनातन के लिए कार्य करें। महाराज ने बारी-बारी से शिष्यों को मंत्र देकर दीक्षित करके कहा कि सुबह शाम गुरु मंत्र का जाप करें और हृदय में बालाजी का स्मरण करें। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, राजस्थान समेत 10 राज्यों से बड़ी संख्या में लोग दीक्षा लेने बागेश्वर धाम आए हैं।

**धाम में किया गया 18 बच्चों का नामकरण :** सोमवार को करीब 18 बच्चों के नामकरण महाराज द्वारा किए गए। 18 साल बाद जब महिला की गोद भरी तो उसे रहा नहीं गया और वह बच्चे को लेकर बागेश्वर धाम आ गई। महाराज श्री की गोद में रखते हुए महिला ने बेटे का नामकरण करने की प्रार्थना की। महाराज श्री ने आशीर्वाद देते हुए बच्चे का नाम रामानंद रखा। उत्तर प्रदेश के भदोही से आई एक मां की अर्जी पूरी होने पर नवजात शिशु का नाम पुष्पांजलि रखा, महाराष्ट्र की एक महिला ने बच्चे की आस में बागेश्वर धाम आकर बालाजी के दरबार में अर्जी लगाई। इसके 1 साल बाद ही उसे बेटे के रूप में आशीर्वाद मिला। महाराज ने इस बच्चे का नाम अखिलेश रखा। एक नवजात शिशु का नाम उमा रखा गया। पठानकोट से आई महिला को 9 साल बाद बेटी हुई, इस बेटी का नाम रिद्धि रखा गया। बड़हलगंज बिहार से आई महिला को जुड़वा बच्चों के रूप में आशीर्वाद मिला। महाराज ने इनका नामकरण राम और श्याम किया। आजमगढ़ उत्तर प्रदेश से आई एक महिला को 7 साल बाद बच्चा हुआ, महाराज ने उसे रामस्नेही नाम दिया।

### सफाई अपनाओ अभियान : सफाई मित्रों को कार्यशाला में दी जानकारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** नगर पालिका द्वारा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक स्वच्छता जागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में स्वच्छता अभियान टीम ने सफाई मित्रों की कार्यशाला में उपयोगी दी है।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया एवं सीएमओ माधुरी शर्मा के निर्देश पर स्वच्छता नोडल अधिकारी नीतेश चौरसिया के नेतृत्व में नगर पालिका की स्वच्छता अभियान टीम ने सफाई मित्रों की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सभी की हाथ धुलाई की विधि समझाई गई। स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए अपने आसपास घरों एवं शौचालय को साफ स्वच्छ रखने की समझाइश दी गई। साथ ही अपने कार्य क्षेत्र में सही ढंग से सफाई करने के लिए प्रेरित भी किया गया। सभी को सचेत किया गया कि कहीं पानी भरा न रहने दें, अच्छी तरह से हर जगह साफ करें और वार्डो में लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक भी करें।

### मंदिर पर कब्जे के विरोध में मौनव्रत लेकर अनशन पर बैठे पुजारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत के सामने मेलाग्राउंड में ग्राम बारी के रामलला सरकार मंदिर के पुजारी साधुदास उर्फ वीरेंद्र कुमार पिछले मंगलवार से मौनव्रत लेकर अनशन पर बैठे हैं। ये अनशन करीब एक सप्ताह से लगातार जारी है। ये विरोध मंदिर और दबंगों के कब्जे को लेकर किया जा रहा है।

पुजारी ने छतरपुर एसडीएम और नायब तहसीलदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा रामलला सरकार मंदिर की बागडोर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सौंप दी है। जिससे मंदिर की पवित्रता और व्यवस्था प्रभावित हुई है।

उनके अनशन की प्रमुख मांगों में आपराधिक लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने, 19 अप्रैल 2025 की स्थिति में मंदिर में उनकी पुर्नस्थापना, उनके खिलाफ दर्ज कथित फर्जी मुकदमों को वापस लेने और एसडीएम अखिल राठौर व नायब तहसीलदार इंदू सिंह पर कार्यवाही की मांगें शामिल हैं। इस मामले में अभी जिला प्रशासन की खामोशी बता रही है कि प्रशासन पुजारी की तबियत बिगड़ने के इन्तेजार कर रहा है।

### बृजपुरा के सिद्ध बाबा मंदिर में कराया कन्या भोज



**छतरपुर, देशबन्धु।** ग्राम बृजपुरा के सिद्ध बाबा मंदिर में सोमवार कन्या भोज और जात्रा का आयोजन किया गया। इसके साथ कन्या पूजन के तहत उनके पांव भी पूजे गए। बृजपुरा निवासी नरेश रावत ने बताया कि सिद्ध बाबा मंदिर का गांव में विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। गांव के बसने के समय से ही यहां कन्या भोज की परंपरा चली आ रही है।

यह आयोजन गांव की प्राचीन परंपरा को जीवंत रखने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सोमवार को पूरे गांव की कन्याओं को आमंत्रित कर कन्या भोज कराया गया। साथ ही सिद्ध बाबा स्थान पर जात्रा का आयोजन भी हुआ, जिसमें भक्तों ने पूजा-अर्चना की।

### सेंटर पर नहीं बट रहा बीज़, आक्रोशित किसान ने किया विरोध

**बकस्वाहा, देशबन्धु।** कृषि विभाग बकस्वाहा के अंतर्गत 11 सेक्टरों में बटें 100 से भी अधिक ग्रामों मे बीज का वितरण सही तरीके से न होने और किसानों ने विरोध जताकर हंगामा किया है।

बताया गया है बीज वितरण की जिम्मेवारी कृषि बिस्तार अधिकारी को सौंपी गई हैं। सेंटर पर बीज़ वितरण न करके बकस्वाहा कार्यालय से वितरण किया जा रहा है। जिससे किसानों की भारी भीड़ कार्यालय आ पहुंच गई। समय से बीज़ न मिलने से इंतजार में बैठे सैकड़ों किसानों ने आक्रोशित होकर हंगामा कर दिया। उन्हें सम्हालने के लिए पुलिस का सहारा लेना पड़ा। किसानों का कहना है कि ग्राम सेवक ने उनसे 20 किलो प्रदर्शन बीज़ का पंजीयन करवाया है, लेकिन उन्हें 4 किलो उड़द का बीज दिया गया है। जिससे गडबडी की आशंका हैं। बिगड़ते हालत देखकर नायब तहसीलदार सुनील कुमार केवट मौके पर पहुंचे और भीड़ को सम्हालते हुए व्यवस्थित बीज़ बटवाने का निर्देश दिया। नाराज किसानों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने समय से बीज़ वितरण नहीं किया है। जिले के अन्य विकासखंडों में पहले ही बीज की मिनीकिट बांटी हैं। मगर बकस्वाहा के अधिकारियों ने लेटलतीफी की है। उनका कहना था कि अब बोवनी का समय निकलने वाला है, कहीं वे बोवनी करने से चूक न जाएं।

### जिला पंचायत के सभाकक्ष में कलेक्टर ने टीएल बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया

# जिले के जीर्णशीर्ण भवनों को ध्वस्त करें, कोई हादसा हुआ तो होगी कार्यवाही : कलेक्टर

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक हुई। जिसमें उन्होंने जीर्णशीर्ण भवनों की सूची बनाकर तुरंत ध्वस्त करने के निर्देश देते हुए कहा यदि ऐसे भवनों के गिरने से कोई हादसा हुआ तो संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही होगी।*

*कलेक्टर श्री जैसवाल ने जीर्णशीर्ण भवनों में डीपीसी, डब्ल्यूसीडी एवं पीडब्ल्यूडी विभाग को ध्वस्त योग्य भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निकायों के सीएमओ को भी चिन्हित जीर्णशीर्ण भवनों की मरम्मत और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अधिकारी कोई भी जीर्णशीर्ण भवन न होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें, इसके बाद यदि कोई दुर्घटना होती है तो स्वयं जिम्मेदार होंगे, उन पर कार्यवाही भी की जाएगी। कलेक्टर ने हिट एंड रन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि शीघ्र संबंधित थानों से खातमा रिपोर्ट लगवाकर राहत राशि स्वीकृत करें, जिससे प्रकरणों का जल्द भुगतान हो सके। कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी कोई भी फिजिकल फाइल नहीं भेजेगा। सभी फ़ाइल ई-ऑफिस पर ही भेजें।*



*कलेक्टर ने सागर-कबरई एनएच 34 प्रोजेक्ट की समीक्षा करते हुए एसडीएम बड़ामलहरा, बिजावर, महाराजपुर और छतरपुर को अंश निर्धारण बढ़ाने और जल्द भुगतान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने केन-बेतवा प्रोजेक्ट में बिजावर अनुभाग में परिसंपत्तियों के पारित अवॉर्ड की राशि में भुगतान बढ़ाने के लिए एसडीएम को निर्देशत किया।*

*बैठक में एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम एवं निकायों के सीएमओ और जनपदों के सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।*

#### सीएम हेल्प लाइन में लापरवाही पर कार्यवाही

कलेक्टर ने जून माह की सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की खराब ग्रेडिंग एवं लंबित शिकायतों पर सीएमएचओ को सुधार लाने के निर्देश दिए। कृषि विभाग की सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायत में एसडीओ राजनगर की नॉन अटेंडेंड शिकायत होने पर 1 दिन की वेतन काटने और महिला बाल विकास की लंबित शिकायतों की जानकारी न दे पाने पर एपीओ की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ कमी मिलने पर तहसीलदार घुवारा एवं बिजावर को नोटिस थमाया गया। बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर सीएमओ हरपालपुर की 1 दिन की वेतन राजसात करने के भी निर्देश दिए।

सागर, मंगलवार 8 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# कंगना और प्रियंका

हिमाचल प्रदेश इस समय भारी बारिश से मची तबाही से जूझ रहा है। कई दिनों से लगातार हो रही तेज बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने आम आदमी की जान सांसत में डाल दी है। एक बेहद मार्मिक तस्वीर सामने आई है, जिसमें एक 11 महीने की बच्ची महिला अधिकारी की गोद में खेल रही है, उसे पता नहीं कि वह अब अनाथ है, उसके मां-बाप, दादा-दादी समेत पूरा परिवार बह चुका है और वो इस दुनिया में अकेली है। दर्द के ऐसे सैकड़ों किस्से इस समय हिमाचल प्रदेश में दिखाई-सुनाई दे रहे हैं, लेकिन खुद को शान से हिमाचली बताने वाली कंगना रानौत को ऐसे दुख के वक्त में भी हंसी आ रही है।

कंगना रानौत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें पत्रकार उनसे पूछ रहे हैं कि उन्हें यहां आने में देर क्यों हुई। साथ ही राहत और बचाव कार्य को लेकर भी सवाल हुए तो कंगना ने बाकायदा खुलकर हंसते हुए कहा कि मेरे पास न तो कोई केबिनेट मंत्री का पद है, न फंड हैं कि मैं कुछ कर सकूं। बता दें कि हिमाचल प्रदेश के मंडी समेत कई जिलों में बाढ़ कहर बरपा रही है, जिसके चलते लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। 20 जून से आए मानसून के बाद बारिश इतनी बढ़ी कि अब तक कम से कम 80 लोगों की जान चली गई है, अकेले मंडी जिले में ही 14 लोगों की मौत हुई है। कई लोग लापता हैं। मवेशी, पशु-पक्षी भी बड़ी संख्या में हताहत हुए हैं। खेती और व्यापार तबाह हो रहे हैं। बाढ़ की वजह से 572 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। पेयजल, सड़क, बिजली आदि की सुविधाओं में बड़ी समस्या तो खड़ी हो ही चुकी है, इनसे जुड़ी बड़ी परियोजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। सैकड़ों कच्चे और पक्के मकान क्षतिग्रस्त हैं। हिमाचल प्रदेश में पर्यटन आजीविका का एक बड़ा आधार है और इस बार की बारिश में जो तबाही आई है, उसका सीधा असर इस व्यवसाय पर भी पड़ेगा।

फिलहाल राज्य की कांग्रेस सरकार मदद और बचाव में लगी है। कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा के भी स्थानीय नेता हालात पर नजर बनाए रखे हैं और लोगों के दर्द सुन रहे हैं। लेकिन कंगना रानौत को इस मौके पर भी राजनीति सूझ रही है। पहले तो कंगना रानौत आपदाग्रस्त क्षेत्र में आने की जगह घूमती-फिरती रहीं और जब रविवार को कंगना ने आपदाग्रस्त सिराज विधानसभा का दौरा किया तो उसमें भी प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करने का मौका नहीं छोड़ा। कंगना ने कहा कि केंद्र सरकार ने तुरंत सेना भेजकर राहत अभियान चलाया है। प्रधानमंत्री भले ही विदेश यात्रा पर हों, लेकिन उन्हें यहां क्या हो रहा है, इसकी जानकारी है। इसके बाद अपनी सीमित भूमिका का जिक्र करते हुए कंगना ने कहा कि एक सांसद के तौर पर मेरा काम फंड लाना और जमीनी हकीकत को सरकार तक पहुंचाना है। मेरे पास अपना तो कोई फंड है नहीं, न कोई अधिकारी हैं और न ही कोई कैबिनेट है। सांसद का काम सीमित होता है। केंद्र का फंड राज्य सरकार के पास आता है, ये लोग पैसा खाकर बैठे हैं। मेरे पास तो फंड आएगा नहीं, देना तो उन्हीं (हिमाचल सरकार) को है।

कंगना के इस बयान से जाहिर है कि उन्हें न हालात की गंभीरता समझ आ रही है, न ही उन्हें मुद्दों की कोई समझ है। वे बस अभिनेत्री होने की लोकप्रियता को भुनाकर संसद पहुंच गई हैं, लेकिन सही मायनों में जनप्रतिनिधि नहीं बनी हैं। याद कीजिए कि पिछले साल इन्हीं दिनों में केरल में भूस्खलन हुआ था। तब नयी-नयी सांसद बनी प्रियंका गांधी और उनके साथ राहुल गांधी केरल पहुंचे थे और दोनों ने घूम-घूमकर सारे आपदाग्रस्त इलाकों का दौरा किया था, पीड़ितों का दर्द बांटा था। प्रियंका गांधी ने लगातार केंद्र सरकार पर दबाव बनाया था कि केरल के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करे। प्रियंका गांधी की ही मुहिम का असर था कि फिर नरेन्द्र मोदी को भी राज्य का दौरा करना पड़ा था। प्रियंका गांधी संवेदनशीलता के साथ अपनी सांसद की भूमिका को निभा रही हैं, लेकिन कंगना रानौत यहां पूरी तरह से नाकाम दिखीं।

बल्कि अपनी कमजोरी ढंकने के लिए कंगना हिमाचल प्रदेश की सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही हैं। बिना किसी सबूत के कंगना ने कह दिया कि प्रदेश में भ्रष्टाचारी सरकार काम कर रही है। पूर्व में भी केंद्र सरकार ने आपदा के समय जो हजारों करोड़ रुपए भेजे थे, उसे प्रदेश सरकार ही डकार गई है। उन्होंने आशंका जताई कि अब भी केंद्र से जो रिलीफ फंड आयेगा, वो भी प्रभावितों तक पहुंचेगा या नहीं। प्रभावितों तक हर मदद पहुंचे, इसके लिए कोई रास्ता निकालना होगा। कंगना ने मुख्यमंत्री सुक्खू और पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह को निशाने पर लेते हुए कहा कि जिनका काम है वो लापता है, उनका मानना है कि कंगना आकर काम कर जाती तो अच्छा था या तो कंगना यहां रहकर मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी के काम कर जाती तो वो अच्छा था। खैर हमसे जो भी बन पड़ेगा वो किया जाएगा।

कंगना रानौत सामान्य नेता नहीं हैं, बल्कि निर्वाचित सांसद हैं, इसलिए उन्हें अगर राज्य सरकार पर कोई आरोप लगाना हो तो उसके सबूत भी पेश करने चाहिए। लेकिन वो ऐसा नहीं कर रहीं हैं। वहीं दूसरी ओर अपनी मजबूरी बता रही हैं कि मेरा कोई कैबिनेट तो है नहीं, मेरा काम है केंद्र से राहत कोष लेकर आना। यहां कंगना को पता होना चाहिए कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में सांसद की कई भूमिकाएं और जिम्मेदारियां होती हैं। एक सांसद के पास सरकार के खर्चों को मंजूरी देने और नियंत्रित करने की शक्ति होती है, यह शक्ति उन्हें बजट और कराधान पर नियंत्रण रखने के कारण हासिल होती है। सांसद यह सुनिश्चित करते हैं कि सरकार का पैसा प्रभावी ढंग से और जनता के हित में खर्च किया जाए। गौरतलब है कि 1993 में शुरू की गई सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीएलएडीएस) के तहत हर सांसद को अपने संसदीय क्षेत्र में विकास के लिए हर साल 5 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। इस योजना का संचालन सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से किया जाता है। एमपीएलएडीएस के तहत सांसद निधि को जिले में संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियों के जरिए भेजा जाता है। जिससे सांसद अपने क्षेत्र में विकास परियोजनाओं की सिफारिश करते हैं। इसमें सड़कें, स्कूल, अस्पताल, पेयजल सुविधाएं और अन्य बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, सांसद जनता की समस्याओं को संसद में उठाते हैं और सरकार से उनके समाधान के लिए अपील करते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के समय सांसद अपने क्षेत्र के लोगों को राहत प्रदान करने में मदद कर सकते हैं। राहत सामग्री, राशन, मेडिकल सहायता, राहत शिविर लगाने के साथ-साथ और सरकार से राहत पैकेज की मांग कर सकते हैं। प्रियंका गांधी ने केरल में यही सब किया था। लेकिन कंगना रानौत अपनी जिम्मेदारी निभाने की जगह बहाने बना रही हैं।

# नोटबंदी से वोटबंदी तक

बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षण के लिए स्वीकार कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय के तत्काल जरूरी होने को पहचानते हुए, इस पर विचार के लिए तीन दिन बाद, बृहस्पतिवार 10 जुलाई की तारीख तय की है। इस संबंध में संबंधित पक्षों के लिए नोटिस जारी कर दिए गए हैं। बिहार में विधानसभाई चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में छः याचिकाएं पहुंची थीं। इनमें, विशेष रूप से चुनाव सुधारों से संबंधित पहलुओं पर काम करने वाले गैर-सरकारी संगठन, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) तथा जनाधिकार संगठन पीपुल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज (पीयूसीएल) के अलावा तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सांसद, मनोज कुमार झा की याचिकाएं शामिल हैं। सभी याचिकाओं का मुख्य मुद्दा एक ही है, विधानसभाई चुनाव से पहले इतने कम समय में की जा रही मतदाता सूचियों में भारी फेर-बदल की यह पूरी कसरत, खासतौर पर करोड़ों की संख्या में वंचितों तथा कमजोर व हाशिए के तबके के लोगों से मताधिकार छीनने का ही काम करेगी। इसलिए, इस प्रक्रिया पर ही रोक लगाने की प्रार्थना की गयी है।

कहने की जरूरत नहीं है कि अब सभी निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हुई हैं। लेकिन, 25 जून को मतदाता सूची पुनरीक्षण की इस प्रक्रिया के शुरू होने से अब तक इस मामले भारतीय चुनाव आयोग या ईसीआई का जो आचरण रहा है, मोदी राज के ग्यारह साल में मजबूती से कायम कर दी गयी शासकीय संस्कृति को ही प्रतिबिंबित करता है। इस शासकीय संस्कृति के तीन खास तत्व हैं। पहला, नाटकीय तरीके से बड़े लगने वाले और आम जनता के लिए कड़े साबित होने जा रहे, कथित रूप से 'साहसिक' फैसले लेना। इन कदमों की साहसिकता का एक ही सबूत होता है, जनता की तकलीफों की और इन तकलीफों को स्वर देने वाले राजनीतिक विपक्ष के विरोध की परवाह ही नहीं करते हुए, आगे बढ़ते जाना। दूसरा, जनता की मुश्किलों के रूप में इन निर्णयों के दुष्परिणामों के सामने आने पर, लीपा-पोती करने से लेकर, पांव पीछे खींचने तक की कोशिशें करना। और तीसरा, यह सब करते हुए भी इसका शासकीय अहंकार दिखाना कि शासन का फैसला पूरी तरह से सही था और उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है! नोटबंदी के मामले में ये तीनों विशेषताएं खुलकर सामने आयी थीं। शहरबंदी या लॉकडाउन में भी ये तीनों ही विशेषताएं देखने को मिली थीं। और अब इस मतदाता सूची पुनरीक्षण में, जिसे उचित ही बिहार के महागठबंध के झंडे तले संगठित विपक्ष ने 'वोटबंदी' का नाम दिया है, इस छोटी सी अवधि में ही इन तीनों विशेषताओं के दर्शन हो चुके हैं। नोट करने वाली बात यह है कि चुनाव आयोग, एक स्वतंत्र वैधानिक संस्था है, इसके बावजूद हम उसे खास मोदीराज की राजनीतिक संस्कृति में रंगा हुआ देख रहे हैं।

जहां तक कथित रूप से 'साहसिक' निर्णय का सवाल है, चुनाव से ऐन पहले और वह भी कुल तीन महीने से भी कम समय में, आठ करोड़ के लगभग मतदाताओं की सूचियां एक तरह से नये सिरे से बनाना, अगर इतना खतरनाक नहीं होता तो बेशक साहसिक तो माना ही जा सकता था। अब यह सभी जान चुके हैं कि बिहार में मतदाता सूचियों में इस तरह का गहन पुनरीक्षण, 2003 में हुआ था। उसके 22 साल बाद, इस गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को नये सिरे से दोहराए जाने की, एक 'बड़ा काम' कर के दिखाने की ललक के सिवा और क्या आवश्यकता थी, इसका चुनाव आयोग की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं आया है।



राजेंद्र शर्मा

> जहां पहले ही गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर इतने सारे भ्रम तथा कन्फ्युजन हैं, उसके संबंध में भ्रमों की धुंध और गहरी की जा रही है। इस धुंध की आड़ में, मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर, नागरिकता के प्रमाण मांग कर एक हद तक एनआरसी थोपी जा रही होगी और करोड़ों भारतीयों का मताधिकार छीना जा रहा होगा और दूसरी ओर, चुनाव आयोग यह कहकर खुद को इसके लिए जिम्मेदारी से भी बचा रहेगा।

बेशक, इस निर्णय से पहले चुनाव प्रक्रिया के मुख्य हितधारकों के रूप में राजनीतिक पार्टियों के साथ किसी तरह के परामर्श में तो नहीं, बहरहाल आलोचना के तीखे होते स्वरों के सामने चुनाव आयोग ने इस कसरत को जरूरी साबित करने की कोशिश की है। लेकिन, चुनाव आयोग द्वारा दी गयी दलीलें इतनी लचर हैं कि खुद चुनाव आयोग के अधिकारीगण जहां-तहां मैदानी स्तर पर इस फैसले की जरूरत बताते हुए, अक्सर 'पहले नागरिकता तय करने' की दलील में खिसक जाते हैं, जो कि जाहिर है कि चुनाव आयोग का काम नहीं है और जिससे चुनाव आयोग अगर सुप्रीम कोर्ट के सामने अपने फैसले का बचाव करते हुए, अपना दामन ही नहीं छुड़ा ले तो ही आश्चर्य की बात होगी। एक और प्रमुख कारण, जिसका जिक्र चुनाव आयोग के मुंह से निकल गया है, हालांकि इसे भी आयोग द्वारा अब ढांपने की कोशिश की जाएगी, बिहार से रोजी-रोटी कमाने के लिए दूसरे राज्यों में जाने वाले मेहनतकशों की संख्या करोड़ों में होना है। इन मेहनतकशों का मकान ही बिहार में नहीं होता है, बिहार से, उसकी नियति से उनका जीवंत रिश्ता रहता है, जबकि दूसरे राज्यों के जीवन से, जहां वे रोजी-रोटी के लिए रहते हैं, वे वैसा आवयविक रिश्ता नहीं बना पाते हैं। सामान्य रूप से अपने गृह राज्य में नहीं रहने के आधार पर, उन्हें बिहार के मतदाता की हैसियत से बेदखल करने की आयोग की नीयत, कानून के सामने एक मिनट भी नहीं टिक पाएगी। चुनाव आयोग को यह तय करने का तो अधिकार है कि ये प्रवासी, अगर बिहार में मतदाता हैं तो दूसरे राज्यों में भी मतदाता नहीं बनें, लेकिन उसे यह तय करने का अधिकार नहीं है कि किसी प्रवासी को, अपने गृह राज्य में मतदान करना चाहिए या अपने काम की जगह पर।

अपने इस 'बड़े' निर्णय के बचाव के लिए चुनाव आयोग, एक सरासर अर्द्धसत्य का सहारा लेता है। वह राजनीतिक हितधारकों के साथ किन्हीं 'चार हजार परामर्शों' की बार-बार दुहाई देता रहा है। और इसके साथ ही यह दलील दोहराता आया है कि सभी राजनीतिक पार्टियों ने मतदाता सूचियों में सुधार की जरूरत पर जोर दिया था। लेकिन, चुनाव आयोग इन दलीलों के जरिए इस सच्चाई को छुपाने की कोशिश करता है कि न तो किसी भी राजनीतिक पार्टी ने मतदाता सूची के इस तरह के सघन पुनरीक्षण की मांग की थी और न ही आयोग ने किसी भी राजनीतिक पार्टी से इस तरह के पुनरीक्षण को लेकर कोई परामर्श किया था। इसके विपरीत, इस फैसले का राजनीतिक पार्टियों के सिर पर अचानक बम की तरह फोड़ दिया जाना ही, आयोग की नजरों में इस फैसले को बड़ा या साहसिक बनाता था।

नोटबंदी जैसी दूसरी विशेषता तब दिखाई दी, जब चुनाव आयोग ने गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया वाकई शुरू की। अब वे जमीनी सच्चाइयां उसके सामने थीं, जिन्हें सिर्फ प्रचार के सहारे हवा में नहीं उड़ाया जा सकता था। सबसे बड़ी समस्या, जैसा कि सभी टिप्पणीकार शुरू से ही रेखांकित कर रहे थे, जन्म प्रमाणपत्र समेत उन दस्तावेजों के जुटाए जाने की थी, जो मतदाता के रूप में नामांकन के फार्म के साथ, तीन श्रेणियों में मतदाताओं को अलग-अलग हद तक, जमा कराने थे और 26 जुलाई तक जमा कराने थे। यह साफ होने में जरा भी देर नहीं लगी कि करोड़ों मतदाताओं के लिए, जिनमें गरीब भूमिहीन तथा गरीब किसान, मजदूर, प्रवासी मजदूर, कम पढ़े, निचली मानी जाने वाली जातियों के लोगों और महिलाओं की संख्या खासतौर पर बड़ी होगी, आवश्यक सार्टिफिकेट जमा करना ही नहीं, तस्वीर से युक्त फार्म भरकर जमा कराना भी, कठिन परीक्षा होगी।

पहले पग पर इस कठिनाई के सामने पहले चुनाव आयोग की ओर से नया स्पष्टीकरण दिया गया कि 2003 की मतदाता सूची में जिनका नाम है, उनके लिए तस्वीर के साथ फार्म के साथ, सिर्फ मतदाता सूची के संबंधित अंश की फोटो कापी देना ही काफी होगा। फिर और स्पष्टीकरण आया कि 2003 की मतदाता सूची में जिनके नाम नहीं हैं, उनके माता-पिता का नाम अगर उक्त मतदाता सूची में है, तो उनके जन्म प्रमाणपत्र की जगह, मतदाता सूची के संबंधित अंश की फोटो कापी लगाना काफी होगा। इसके बाद भी, जब मुश्किलें कम नहीं हुईं तो चुनाव आयोग की ओर से कह दिया गया कि पहले सिर्फ फार्म भरकर जमा कराया जाए, भले ही उसमें तस्वीर भी नहीं हो। बाकी दस्तावेजों को बाद में देखी जाएगी।

लेकिन, जब राजनीतिक पार्टियों ने इसे चुनाव आयोग की ओर से कठिनाइयों को देखते हुए, नियमों में बदलाव करने की कोशिश बताया गया, जो बेशक उनके हिसाब से स्वागतयोग्य और जरूरी थी, तो चुनाव आयोग का ईगो आगे आ गया और उसने तीसरी विशेषता का प्रदर्शन शुरू कर दिया। चुनाव आयोग ने दावा करना शुरू कर दिया कि उसने नियमों में कोई बदलाव नहीं किये हैं। सारे नियम ज्यों के त्यों हैं। कुछ भी नहीं बदला है। दस्तावेज बाद में लगाए जा सकते हैं, कच्ची सूची बनने के बाद, कच्ची सूची की समीक्षा के दौर तक। इस तरह, एक ओर चुनाव आयोग जो पहले दस दिन में एक करोड़ से थोड़े से ज्यादा फार्म ही जमा कर पाया है, बाकी प्रमाणों की शर्त स्थगित करने के जरिए, एक महीने की तय अवधि में प्रकट विफलता से बचने की कोशिश कर रहा है और दूसरी ओर, यह दावा किया जा रहा है कि आयोग ने नियमों में कोई छूट नहीं दी है, बस अब दस्तावेज बाद में लिए जा सकेंगे। यानी दस्तावेजों की उपलब्धता की जो करोड़ों मतदाताओं की समस्या है, उसे सिर्फ कुछ हफ्तों के लिए टाला भर गया है।

इस तरह, जहां पहले ही गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को लेकर इतने सारे भ्रम तथा कन्फ्युजन हैं, उसके संबंध में भ्रमों की धुंध और गहरी की जा रही है। इस धुंध की आड़ में, मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर, नागरिकता के प्रमाण मांग कर एक हद तक एनआरसी थोपी जा रही होगी और करोड़ों भारतीयों का मताधिकार छीना जा रहा होगा और दूसरी ओर, चुनाव आयोग यह कहकर खुद को इसके लिए जिम्मेदारी से भी बचा रहेगा, उसने तो सिर्फ गहन पुनरीक्षण का, मतदाता सूचियों की साफ-सफाई का काम किया है। अब तो सर्वोच्च न्यायालय ही चुनाव आयोग को जनतंत्र पर यह बड़ा आघात करने से रोक सकता है। याद रहे कि यह खेल शुरू भले बिहार से किया गया है, आने वाले दिनों में पूरे देश को इस छद्म एनआरसी से गुजरना पड़ेगा, बशर्ते सुप्रीम कोर्ट इस सिलसिले पर रोक नहीं लगा दे।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# विनाश को विस्तार देते युद्ध!

■ कुमार प्रशांत

आजकल की राजनीतिक शैली में बात कुछ ऐसी बना दी गई है कि देश के बारे में, फौज के बारे में, युद्ध के बारे में, देश की सुरक्षा के बारे में कुछ भी न बोलो, न पूछो, न सोचो! पहलगाम के बाद तमाम विपक्ष ने कह दिया कि हम सरकार के साथ हैं। यह घबराई हुई, जड़विहीन, राजनीतिक दृष्टि से कायर विपक्ष की सोच है। संकट का आसमान रचना और फिर उस आसमान में अपने शिकार करना सरकारों का पुराना हथकंडा है। ऐसे में विपक्ष की एक ही भूमिका होनी चाहिए कि हम हर हाल में देश के साथ खड़े रहेंगे। हमारी इस भूमिका से सरकार को जितनी मदद, जितना समर्थन मिलता है, उससे हमें एतराज़ भी नहीं है, लेकिन सरकार की आंखों से हम देखें, सरकार के कानों से हम सुनें तथा सरकार के पांवों पर हम चलें, यह कैसे हो सकता है? यह तो बौनों का बला का संकट है और इससे घिरा हमारा विपक्ष बौने-से-बौनातर हुआ जा रहा है।

तीन दिन के युद्ध के बाद, गंभीर चर्चा व समीक्षा की हर संभावना को खत्म करते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय विपक्ष की आवाजों को चुन-चुन कर विदेश-यात्रा पर भेज दिया। कहा कि विश्व मंच पर भारत सरकार का पक्ष अच्छी तरह रखने का राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की चुनौती है, सो आप सब तैयार हो जाएं। आख़िर पाकिस्तान को जवाब देना है न! कहने की देर थी कि सभी तैयार हो गए। किसी ने नहीं कहा कि हमें अपनी पार्टी की सहमति लेनी पड़ेगी! जब राष्ट्रीय कर्तव्य निभाना हो, तो पार्टी की क्या बात है। पार्टी से राष्ट्र बड़ा होता है कि नहीं! नतीजे में जहां, जिसे, जैसा मौका मिला, उसने वहां, वैसा सरकार का पक्ष रखा। लौटने पर सबने पाया कि वे तो विदेश से लौट आए हैं, लेकिन उनकी आवाज कहीं विदेश में ही रह गई है। आज हमारे संसदीय विपक्ष के पास न चेहरा है, न आवाज़!

> तीन दिन के युद्ध के बाद, गंभीर चर्चा व समीक्षा की हर संभावना को खत्म करते हुए प्रधानमंत्री ने संसदीय विपक्ष की आवाजों को चुन-चुन कर विदेश-यात्रा पर भेज दिया। कहा कि विश्व मंच पर भारत सरकार का पक्ष अच्छी तरह रखने का राष्ट्रीय कर्तव्य निभाने की चुनौती है, सो आप सब तैयार हो जाएं। आख़िर पाकिस्तान को जवाब देना है न!

जब विपक्ष के ऐसे हालात हों और सत्तापक्ष के भीतर सत्ता-सुख व अहंकार के अलावा कुछ हो ही नहीं, तो यह सवाल कौन पूछे कि अंगुलियों पर गिने जाने जैसे आतंकवादी हमारी सीमा में घुस आए और उन्होंने हमारे 26 नागरिकों की हत्या कर दी, इतने से सारा देश कैसे खतरे में आ गया? पहलगांव में घुस आए आतंकवादियों व उन नागरिकों की हत्या से देश खतरे में नहीं आया था, बल्कि वह खतरे में इसलिए आया कि आप कश्मीर की सीमा की सुरक्षा में विफल रहे। केंद्र सरकार की सीधी निगरानी में जो कश्मीर है, चोर उसकी दीवार में सेंध लगा लेता है तो यहां खतरा आपका निकम्मापन है। खतरा यहां है कि आप उस आतंकी कार्रवाई का जवाब देने के लिए ऐसा रास्ता अख्तियार करते हैं जो काइंया अंतरराष्ट्रीय शक्तियों को अपना खेल खेलने के लिए उकसाता है।

अलबत्ता, सच भी कहीं-न-कहीं से अपना सर उठा ही लेता है। हमारे वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह और बाद में 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' जनरल अनिल चौहान की बात ऐसी नहीं है कि हम उसे नजरंदाज करें। वे कह रहे हैं कि तीन दिनों का यह युद्ध दोनों तरफ़ को बेहद नुक़सान पहुंचा गया है। पाकिस्तान का नुक़सान ज्यादा हुआ है, लेकिन उसने हमारा जितना नुक़सान किया है, वह स्थिति को ख़तरनाक बनाता है। पाकिस्तान ने हमारे विमान भी गिराए और सैनिक अड्डों को भी नुक़सान पहुंचाया। यह युद्ध रुकना ही चाहिए था, क्योंकि इस युद्ध से हासिल कुछ नहीं हो सकता था। परिस्थिति का यह आकलन व अंतरराष्ट्रीय शक्तियों का दबाव हमें युद्धविराम तक ले आया।

हमें यह सच्चाई समझनी चाहिए कि हथियार के व्यापारियों से खरीद-खरीदकर जो जखीरा हम भी और पाकिस्तान भी जमा करता रहता है, वह हर देश को करीब-करीब एक ही धरातल पर ला खड़ा करता है। इसलिए आज की दुनिया में कोई लड़ाई अंतिम तौर पर किसी को जीत नहीं दिलाती, बल्कि विनाश ही आज के युद्ध का सच है। रूस-यूक्रेन का दो बरस से ज्यादा लंबा युद्ध कौन जीत रहा है? दोनों बर्बाद हो रहे हैं। अमेरिका व यूरोप की फौजी मदद से लड़ रहा यूक्रेन और हथियारों का अकूत जखीरा रखने वाला रूस-दोनों का दम फूल रहा है। दोनों का देश बर्बाद हो रहा है। फौजी भी मारे जा रहे हैं, नागरिक भी; शहर-गांव-कस्बे सब मलबों में तब्दील हो रहे हैं। ऐसे में आप जीत-हार की बात क्या पूछेंगे!

पूछने वाला सवाल यही है कि बताइए, कितना विनाश हो चुका है और कितना विनाश करके आप रुकेंगे? इजरायल ने ईरान पर हमला कर किया क्या? या फिर ट्रंप ने वहां अपनी नाक घुसेड़ कर क्या किया? आप सोचिए, अगर ईरान ने अमेरिका पर हमला बोला तो क्या होगा? जीत या हार? नहीं, ऐसा कुछ नहीं होगा। विश्वयुद्ध भी नहीं होगा, वैश्विक विनाश होगा – शायद वैसा, जैसा दुनिया ने अब तक देखा नहीं है।

कोई आश्चर्य नहीं कि देश में आज एक ही विपक्ष राहुल गांधी बचा है, लेकिन इस एक आदमी का विपक्ष भी हर कदम पर ठिठकता, भटकता और असमंजस में पड़ा दिखाई देता है। यह इसलिए कि वह हर तरफ़ से अकालग्रस्त है – अकाल संख्या का नहीं, प्रतिभा, प्रतिबद्धता का अकाल है! किसी भी नेता के लिए निर्णायक भूमिका निभाने या उसकी जिम्मेदारी लेने के लिए कुछ आला सहकर्मियों की ज़रूरत होती है। ऐसे सहकर्मी बने-बनाए नहीं मिलते, बनाने पड़ते हैं। राहुल के पास वे नहीं हैं, क्योंकि अब तक का अनुभव बताता है कि उन्हें ग़लत सहकर्मियों को चुनने में महारत हासिल है।

हिंसा में से वीरता तो पहले ही निकल चुकी है, अब युद्ध में से जीत-हार भी निकल गई है। बची है विशुद्ध हैवानियत- क्रूरता, अश्लीलता और अपरिमित विनाश! कोई राहुल गांधी यदि पूछता है कि बताइए, तीन दिनों के इस युद्ध में हमारा कितना नुक़सान हुआ, कितने विमान गिरे, कितने जवान मरे तो यह देशभक्ति की कमी या अपनी सेना की क्षमता पर भरोसे की कमी जैसी बात नहीं है। यही सवाल है जो पाकिस्तान में भी पूछा जाना चाहिए, इजरायल में भी, यूक्रेन और गाजा व ईरान में भी। आज किसी भी कारण जो जंग का रास्ता चुनते हैं या जबरन किसी को जंग में खींच लाते हैं उन सबके संदर्भ में यही सबसे अहम सवाल है जो आंखों में आंखें डालकर पूछा जाना चाहिए। लेकिन पूछे कौन? जिस विपक्ष की ज़ुबान खो गई है वह पूछे भी तो कैसे?

**(लेखक गांधीशांति प्रतिष्ठान केअध्यक्ष हैं।)**



## ललित सुरजन की कलम से

### यात्रा वृतांत: कुछ इंदौर, कुछ उज्जैन

*'हमें इंदौर एक दिन रुककर उज्जैन जाना था। मित्रों ने प्रसन्नता के साथ सूचित किया- कोई परेशानी नहीं, बस पचास किलोमीटर तो है, एक घंटे में पहुंच जाएंगे। कोई हड़बड़ी मत कीजिए। हमने उनकी बात मान ली। शहर से निकलकर हाईवे तक आने में जो भी समय लगा हो, उसके बाद तो चालीस-पैंतालीस मिनट में सफर तय हो गया। शहर के भीतर एक एक्सप्रेस-वे है इस पर टोल टैक्स का नाका पड़ता है। हमारे टैक्सी ड्राइवर ने टोल नहीं पटाया। उसने बताया कि यह नाका अवैध रूप से चल रहा है। सरकार इसे बंद कर चुकी है। इंदौर वाले इस बात को जानते हैं, लेकिन बाहर की नंबर प्लेट देखकर नाकेदार वसूली कर लेते हैं। उसने भाजपा के एक बड़े स्थानीय नेता का नाम लिया कि अवैध वसूली में चालीस परसेंट हिस्सा उनको जाता है। उन नेता की शहर में और कहां-कहां हिस्सेदारी है, क्या-क्या जमीन-जायदाद हैं, यह रहस्योद्घाटन भी उसने किया। एक तरफ इंदौर की सड़कों की स्वच्छता, दूसरी तरफ राजनीति की मलीनता, दो विरोधाभासी तथ्य उजागर हुए। लेकिन टैक्सी ड्राइवर ने जो बात बताई वह तो आज की कड़वी सच्चाई है और सर्वव्यापी है। इसकी सफाई कैसे होगी, पता नहीं।'*

**(देशबन्धु में 29 जून 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/06/blog-post_28.html

## पावन प्रसंग

### कर्मों की अभिव्यक्ति

चलते रहने से ही व्यक्ति मंजिल तक पहुंच पाता है। भाग्य के भरोसे बैठे रहने से मंजिल तक नहीं पहुंचा जा सकता है। इसलिए भाग्य को नहीं, कर्म को प्रधान कहा गया है। कठोर परिश्रम और पुरुषार्थ के द्वारा ही हम जीवन में सफल और सुखी हो सकते हैं। परिश्रम और पुरुषार्थ करने के बजाय आलसी, अकर्मण्य और निष्क्रिय बने रहना और भाग्य के भरोसे बैठे रहने वाले लोगों को जीवन में निराशा और असफलता ही हाथ लगती है। अस्तु हमें सदैव सच्चाई और पुरुषार्थ के पथ पर सक्रिय रहना चाहिए और चलते रहना चाहिए, क्योंकि कर्मरूपी पथ पर चलते रहने से ही मंजिल प्राप्त होती है। समस्त शास्त्रों में कर्म को ही प्रधानता दी गई है, कर्म करने को ही महत्वपूर्ण माना गया है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन को कर्म करने, युद्ध करने, स्वधर्म पालन करने का ही उपदेश दिया था। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की रणभूमि में अभी युद्ध करना ही तुम्हारा धर्म है, कर्म है। तुम कर्मरूपी धर्म का पालन करो। तुम युद्ध करो, पर युद्ध के परिणाम की चिंता, अपने कर्मों को मुझे अर्पित करते रहो।

कर्म भाग्य के अधीन नहीं, बल्कि भाग्य कर्म के अधीन है। हाथ की लकीरों में अपने भाग्य को ढूंढने के बजाय अगर हम हाथों से कर्म करें, पुरुषार्थ करें तो हम जो कुछ चाहें, वह प्राप्त कर सकते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में कहा है-

करम प्रधान बिस्व करि राखा।
जो जस करई सो तस फलु चाखा।।
सकल पदारथ है जग माही।
कर्महीन नर पावत नाही।।

अर्थात विश्व में कर्म को ही प्रधान कहा गया है। जो जैसा कर्म करता है. वह वैसा ही फल भोगता है। इस संसार में हर वस्तु उपलब्ध है और हम जो भी पाना चाहें उसे कर्म करके, पुरुषार्थ करके ही प्राप्त कर सकते हैं, पर जो कर्महीन हैं अर्थात जो कर्म नहीं करते, प्रयास नहीं करते वे उसे प्राप्त नहीं कर पाते।

नीतिशास्त्र में भी कहा गया है- यदि सिंह शिकार करने न जाए और सोया रहे तो मृग स्वयं ही उसके मुख में नहीं चला जाएगा। सिंह को यदि भूख मिटाना है तो उसे आलस्य त्यागकर मृग का शिकार करना ही पड़ेगा। उसी प्रकार हमें जीवन में यदि कुछ पाना है उसके लिए हमें तद्नुरूप कर्म, प्रयास करना ही होगा, पर इसके साथ ही महत्वपूर्ण यह भी है कि हमारा प्रयास सही दिशा में होना चाहिए, सफलतारूपी साध्य की प्राप्ति के लिए साधन भी पवित्र होना चाहिए। शुभ कर्म ही शुभ परिणाम दे सकता है और अशुभ कर्म हमेशा अशुभ परिणाम ही लेकर आता है। जैसे बबूल बोने पर बबूल ही प्राप्त होता है और आम बोने पर ही आम ही प्राप्त होता है। शुभ कर्म करना बहुत अच्छा है, पर शुभ कर्म का जन्म भी शुभ विचारों से ही होता है। इसलिए हमें अच्छे कर्मों से सुखद और अच्छे प्रारब्ध अच्छे भाग्य का निर्माण होता है, वहीं बुरे कर्मों से दुखद और बुरे प्रारब्ध और भाग्य का निर्माण होता है। जीवन में मिलने वाले सुख-दुख वे कर्मों का ही फल है।

**-अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### क्या समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता का संघ सबसे बड़ा शत्रु है?

महत्वपूर्ण बात ये है कि यदि भाजपा को समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष दलों और सत्ता लोलुप कांग्रेसियों का साथ न मिला होता तो संघनीत भाजपा कभी भी सत्ता के करीब नहीं पहुंच सकती थी। आज भी भाजपा जेडीयू नीतीश कुमार जैसे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष तेलुगु देशम प्रमुख चंद्राबाबू नायडू की बैसाखियों के दम पर ही सत्ता पर काबिज़ है।

इधर संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले का हालिया बयान कि आपातकाल के दौरान संविधान में जोड़ा गया समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता शब्द को हटाए जाने पर विचार करना चाहिए, ने एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। ठीक वैसे ही जैसे पिछले बिहार विधानसभा चुनाव के पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत का यह कहना कि आरक्षण की व्यवस्था पर पुनर्विचार करना चाहिए। इन दोनों बयानों को नए राजनीतिक संदर्भ में संघ परिवार की संविधान बदलने की मंशा से जोड़ा जाना लगभग तय है।

किंतु, जैसा कि पूर्ववत लिखा जा चुका है कि संघ और भाजपा बिना समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के बिना जीवित नहीं रह सकते हैं। हालांकि उनकी मंशा मनुवादी समाज की स्थापना ही है किंतु भारत जैसे विशाल देश में यह असंभव है इसलिए भागवत जी, सभी के एक डीएनए की बात करते हैं तथा दलित पिछड़ी जातियों को दोयम दर्जे से बाहर निकालने पर जब तब जोर देते हैं और अखंडता, एकता, समानता की बात कहते हैं। किंतु कथनी करनी का फ़र्क सबको नज़र आने लगा है कि इनके इरादे नेक नहीं है।

आज होसबोले को संघ का अपना इतिहास भी टटोलना चाहिए जब जनसंघ ने जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष नेता के साथ मिलकर इमरजेंसी के बाद कांग्रेस से सत्ता छीनी थी। उसमें मधुलिमिये और जार्ज फर्नांडीज जैसे समाजवादी लोग थे। तब कांग्रेस से निकले मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने थे। याद कीजिए, 1977 में चुनाव घोषित हो जाने के बाद, कांग्रेस (ओ), स्वतंत्र पार्टी, सोशलिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, भारतीय जनसंघ और लोकदल के मिलन से जनता पार्टी का गठन हुआ। कांग्रेस छोड़कर आए जगजीवन राम, हेमवतीनंदन बहुगुणा और नंदिनी सत्पथी ने कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी का गठन किया और जनता गठबंधन में शामिल हो गए।

यही हाल अटल बिहारी जी की सरकार में रही जब भाजपा के साथ, शिवसेना, तेलगु देशम, अखिल भारतीय द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, जनता दल यूनाइटेड, जदयू, आरजेडी, बीजेडी, नेशनल कांफ्रेंस, शिरोमणि अकाली दल, हरियाणा विकास पार्टी, लोकशक्ति, मद्रास स्टेट मुस्लिम लीग, तमिल मनीला कांग्रेस, केरल कांग्रेस, मर्कस्टिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस, जम्मू एंड कश्मीर पैंथर्स पार्टी, जनतादल (सेक्युलर), राष्ट्रीय लोकदल, भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा जैसे चौबीस दल एनडीए में शामिल थे। इनमें बहुसंख्यक दल समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के पक्षधर थे तो ऐसे चली थी संघनीत तथाकथित एनडीए सरकार। ये बात और है कि दो बार झूठ और छल से भाजपा पूर्ण बहुमत से भी आई 2014 में संघ के अन्ना हजारे और छिपे संघियों ने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप का धुआंधार प्रचार कर पूंजीपतियों के धन के ज़रिए कराकर मात्र 31 प्रतिशत वोट हासिल कर सरकार बनाई। आज समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को हटाने का शोर बहुत है किंतु यह संघ का एक शिगूफा ही है। उसमें फिलहाल ऐसा कुछ करने का साहस नहीं है।

**सुसंस्कृति परिहार**

एक देश एक विधान कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के योगदान का किया स्मरण

# डॉ. मुखर्जी के विचार को प्रधानमंत्री मोदी ने क्रियान्वित किया: मुख्यमंत्री




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में धारा 370 के विरोध के साथ ही राष्ट्र हित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे सच्चे नेता थे, जिन्होंने लोकतंत्र सेनानी के रूप में कोलकाता और पश्चिम बंगाल को बचाने का कार्य भी किया। उन्होंने राष्ट्रवादी संगठन जनसंघ की स्थापना तो की ही तत्कालीन केंद्र सरकार से स्वयं को अलग करते हुए निर्दलीय रूप से निर्वाचन का निर्णय लिया। शिक्षा के क्षेत्र से सार्वजनिक क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद ऐसी अनेक चुनौतियों का उन्होंने सामना किया जो राष्ट्रभक्त ही किया करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने कभी असंगत व्यवस्थाओं से समझौता नहीं किया। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम की हिंसा का उत्तर आपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया। स्वतंत्रता के बाद सर्वप्रथम डॉ. मुखर्जी ने ऐसी व्यवस्थाओं का विरोध किया था जो राष्ट्र हित में नहीं थीं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन लक्ष्य को पूर्ण करते हुए कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस तरह डॉ. मुखर्जी के संकल्प एक निशान, एक विधान और एक प्रधान को साकार करने का कार्य किया गया है। पूरे राष्ट्र ने एक स्वर से कश्मीर से धारा 370 हटाने का समर्थन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रवीन्द्र भवन के हंसध्वनि सभागार में संस्कृति विभाग द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की 125 वी जयंती के अवसर पर में एक देश एक विधान विषय पर आयोजित वैचारिक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजीव कुमार पांडे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का कश्मीर के मुद्दे पर जो योगदान है उसके बारे में अक्सर चर्चा होती है। डॉ. मुखर्जी का एक दूसरा योगदान भी इतना ही बड़ा है जिस पर कम चर्चा होती है, वह है कोलकाता और पश्चिम बंगाल के संबंध में। संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, रविंद्र यति आदि उपस्थित थे। प्रमुख सचिव संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

केन्द्रीय मंत्री की मौजूदगी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत समारोह को किया संबोधित, कहा-

# कार्यकर्ताओं के सम्मान में कमी नहीं आने दूंगा






- कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार, स्नेह दिया उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा
- अब कार्यकर्ताओं को और पार्टी को और अधिक मजबूत करना है

**बैतूल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण है। उनके सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार, स्नेह दिया उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा। श्री खण्डेलवाल आज बैतूल जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ मंच पर केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके मौजूद थे। श्री खण्डेलवाल ने कहा कि एक सप्ताह में दो घटनाएं मेरे जीवन में घटित हुईं, जिसमें पहली मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा, दूसरी घटना आज आप सभी कार्यकर्ताओं का जगह-जगह प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद मिला। इन दोनों घटनाओं को मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ताओं की बदौलत बैतूल का नाम आज देशभर में रोशन हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपकी जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है, क्योंकि मैं प्रदेशभर में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने में लगा रहूंगा। हम सभी को पार्टी संगठन को और आगे ले जाने का कार्य करना है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल के बैतूल प्रवास के दौरान रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम और बैतूल में कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मंचों के माध्यम से पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत में कार्यकर्ताओं के उमड़े सैलाब का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। उन्होंने नर्मदापुरम में पुण्यदायिनी और मध्यप्रदेश की जीवनदायिनी माँ नर्मदा के पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। कार्यक्रम को जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर, विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख, महेन्द्र सिंह चौहान, जिला अध्यक्ष सुधाकर पंवार ने भी संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम और बैतूल में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान मंच पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन, विधायक श्रीमती गंगा उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, पूर्व सांसद सुभाष आहूजा, श्रीमती ज्योति धुर्वे, पूर्व विधायक रामजीलाल उइके, अलकेश आर्य, शिवप्रसाद राठौर, अशोक कडवे, श्रीमती गीता उइके, मंगलसिंग धुर्वे, चैतराम मानेकर, पूर्व जिला अध्यक्ष रामचरित्र मिश्रा, राजा ठाकुर, जितेन्द्र वर्मा, अनिल सिंह कुशवाह, जितेन्द्र कपूर, बसंत बाबा माकोड़े एवं आदित्य बबला शुक्ला उपस्थित रहे।

### बैतूल के विकास में खंडेलवाल का अतुलनीय योगदान : उइके

केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि सरल, सहज, सेवाभावी, मिलनसार एवं ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी हेमंत खंडेलवाल का हम सभी अभिनंदन करते हैं। श्री खंडेलवाल का बैतूल के सर्वांगीण विकास में अतुलनीय योगदान है। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बैतूल क्षेत्र में यह प्रथम प्रवास हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए नई ऊर्जा का संचार करने वाला है। उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री खंडेलवाल के पिताजी स्वर्गीय विजय कुमार खंडेलवाल का भी इस दौरान स्मरण किया।

# एमपी नगर इलाके में लगा जाम लगा, रेंगते रहे वाहन



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में सोमवार को दोपहर से देर शाम तक तेज बारिश जारी रही। इसके चलते जीजी फ्लाईओवर और एमपी नगर जोन-1 से लेकर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने से होकर हबीबगंज तक जाने वाले और बोर्ड ऑफिस चौराहे से चेतक ब्रिज होकर जाने वाले मार्गों पर करीब एक घंटे तक यातायात जाम की स्थिति रही। इस दौरान वाहन रेंगते नजर आए। फ्लाईओवर पर तो जाम में एक एंबुलेंस भी फंसी रही। वही अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि जीजी फ्लाईओवर के अंत में, यानी हबीबगंज नाके के पास बारिश का पानी भर जाने से गाड़ियां धीमी हुईं और यातायात जाम लग गया, जिसमे सेकड़ो वाहन फस गए। कमोवेश यही स्तिथि फ्लाईओवर हबीबगंज से आने वाले मार्ग के अंतिम छोर यानि गवर्मेंट प्रेस के पास भी बनी। इसके चलते यहाँ से प्रभात चोराहे के ब्रिज तक जाम लग गया। खास बात यह रही की वाहन चालकों ने जब वैकल्पिक मार्गो मसलन केंद्रीय विधालय, गवर्मेंट प्रेस और प्रेस काम्प्लेक्स होकर जाने वाले मार्गो का सहारा लिया तो यहाँ भी जाम के हालत बन गए। इस तरह समूचा एम पी नगर इलाके में जाम के हालत रहे। वही बारिश की वजह से सड़क पर फिसलन और जगह- जगह जलभराव ने हालात को और बिगाड़ दिया था।

सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस पर कार्यशाला आयोजित

# व्यवसायिक लक्ष्य अर्जित करने सार्थक प्रयास करें : गुप्ता



**भोपाल, देशबन्धु।** बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष के दौरान वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में उत्कृष्ट व्यवसाय संवर्धन की दिशा में व्यवसाय विविधीकरण को अपनाकर नवाचार के माध्यम से बेहतर परिणाम प्राप्त किए थे। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में भी अपेक्स बैंक व जिला बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों को अथक प्रयास कर उत्कृष्ट व्यवसायिक लक्ष्य अर्जित करने के प्रयास करना होंगे व यह भी सुनिश्चित करना होगा कि आपके जिले की सभी संबंधित पैक्स पर भी बेहतर परिणाम प्राप्त करें।

श्री गुप्ता अपेक्स बैंक ट्रेनिंग कालेज कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के दौरान आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर प्राचार्य पी.एस.तिवारी ने ग्राहकों से बेहतर संबंध व सतत समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। बैंक के उप महाप्रबंधक के.टी.सज्जन ने बैंक की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का संचालन प्रबंधक करुण यादव ने किया। इस अवसर ट्रेनिंग कालेज के प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपरोक्त अधिकारीगण के साथ सहकारिता मंत्री के वि.क.अ अरुण माथुर, उप सचिव सहकारिता मनोज सिन्हा, विमल श्रीवास्तव, सदस्य, को-ऑपरेटिव ट्रिब्यूनल, के.के.द्विवेदी, संयुक्त आयुक्त भोपाल-नर्मदापुरम संभाग, संजय मौर्य, सचिव, वनोपज संघ, अपेक्स बैंक के वि.क.अ. व सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण श्रीमती अरुणा दुबे, अरुण मिश्र, संजय मोहन भटनागर, अरविन्द बौद्ध, आर.एम.मिश्रा, अजय देवड़ा के साथ अनेक अधिकारीगण व कर्मचारीगण भी सम्मिलित हुए।

## ऋषिराज डेंटल कॉलेज को मिला पुरस्कार

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने एक समारोह में ऋषिराज डेंटल कॉलेज को लीडिंग डेंटल इंस्टीट्यूट ऑफ सेंट्रल इंडिया के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया। यह सम्मान कॉलेज द्वारा दंत चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट योगदान और नवाचारों को मान्यता देता है। कॉलेज के ओएसडी डॉ प्रशांत जाजू ने पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा हम इस सम्मान को पाकर अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं। यह हमारी टीम के अथक प्रयासों और हमारे छात्रों की प्रतिभा का प्रमाण है। हम भविष्य में भी दंत चिकित्सा शिक्षा और रोगी देखभाल के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस पुरस्कार से कॉलेज की प्रतिष्ठा और भी बढ़ी है, जिससे यह मध्य भारत में दंत चिकित्सा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित हो गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**15 हजार करोड़ से अधिक....** अनाज के उत्पादन में पंजाब बड़ा और मध्यप्रदेश छोटा भाई है। अब दोनों भाई मिलकर देश और मध्यप्रदेश का विकास करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत बदलते दौर में सिरमौर बन रहा है। उद्योगों से कई परिवारों का उदर-पोषण होता है और गरीबों के जीवन में आमदनी का उजाला आता है। यह एक पवित्र कार्य है। उद्योगपति अपने परिवार का पोषण करते हुए दूसरों का भी घर रौशन करते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब अमर शहीद भगत सिंह की धरती है, जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान देकर देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोग यहां भी काम करते रहें और अपने कारोबार का विस्तार करते हुए एक-दो फैक्ट्री मध्यप्रदेश में भी लगाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में मध्यप्रदेश सरकार ने अपनी उद्योग अनुकूल नीतियों को दुनिया के सामने रखा। हमने उद्योगपतियों को कई सौगातें दी हैं। टेक्सटाईल्स सेक्टर के इंडस्ट्रियल वर्कर्स की सैलरी में मध्यप्रदेश सरकार 5 हजार रुपए की अतिरिक्त मदद देगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में स्कूली बच्चों को साइकिलें बांटी जा रही हैं। साइकिलें मुख्यत: पंजाब में ही बनती हैं। यही साइकल मध्यप्रदेश में भी बन सकती हैं। उद्योगपति मध्यप्रदेश में साइकल बनाने की फैक्ट्री लगाएं।

**श्रमिकों के हित में बड़े स्तर पर सेटलमेंट किये क्लियर :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने श्रमिकों के हित में सैकड़ों करोड़ रुपये के सेटलमेंट क्लियर किये हैं। यह निर्णय प्रदेश सरकार की श्रमिकों के प्रति संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यदि किसी नीति में निवेशकों को सुविधा देने के लिए संशोधन की आवश्यकता होगी तो सरकार कैबिनेट स्तर पर भी बदलाव करने के लिए तत्पर है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लुधियाना प्रवास के दौरान पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों से वन-टू-वन बैठक कर उन्हें मध्यप्रदेश की निवेश समर्थक नीतियों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों को भरोसा दिलाया कि मध्यप्रदेश सरकार जहाँ भी संभावनाएं दिख रही हैं, वहाँ नीतिगत बदलाव करने के लिए पूरी तत्परता से काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में श्रमिकों और उद्योगों दोनों के हितों का समान ध्यान रखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करने वाले उद्योगपतियों में टेक्सटाइल सेक्टर से नाहर ग्रुप के सीएमडी दिनेश ओसवाल, एसईएल ग्रुप के सीएफओ नवनीत गुप्ता और बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंजीत सिंह शामिल रहे। स्टील क्षेत्र से टीके स्टील समूह के एमडी लोकेश जैन ने प्रदेश में संभावित निवेश अवसरों पर चर्चा की। फार्मास्यूटिकल्स, एथेनॉल एवं रसायन क्षेत्र से आईओएल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स के एमडी वरिन्दर गुप्ता और एमआरएम मेध्या ग्रीनटेक के डायरेक्टर पुनीत अग्रवाल ने निवेश प्रस्ताव रखे।

खाद्य प्रसंस्करण और चाय उद्योग से जुड़े भगवती लैक्टो वेजिटेरियन एक्सपोर्ट्स के एमडी सुशील मित्तल और केजी एक्सपोर्ट टीम के सदस्य हरीश दुआ ने मध्यप्रदेश के लॉजिस्टिक्स नेटवर्क, कृषि उत्पाद उपलब्धता और फूड पार्क्स पर चर्चा की। इंजीनियरिंग सेक्टर से हीरो साइकिल के एमडी एस.के. राय और हाईलैंड एथेनॉल के एमडी अमित कुमार मोदी ने निवेश के लिए औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त, बेक्टर्स फूड्स के एमडी अनूप बेक्टर और ए.वी. कोटस्पिन इंडस्ट्री के डायरेक्टर दीपक गर्ग ने मुख्यमंत्री से विस्तार से चर्चा कर प्रदेश की नीतियों की सराहना की।

**उद्योगपतियों को प्रदेश की....** नीतियां फरवरी में लागू की हैं। राज्यों में हमारी जीएसडीपी ग्रोथ सबसे अधिक रही है। निवेशकों को इंसेंटिव प्रदान किया जा रहा है। प्रदेश में कई राष्ट्रीय संस्थान हैं। प्लांट मशीनरी पर इन्वेस्टमेंट प्रमोशन असिस्टेंस 40 प्रतिशत तक है। मध्यप्रदेश सरकार हरित औद्योगिकरण को बढ़ावा दे रही है। वर्कर्स के लिए हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश टाइगर, चीता और घड़ियाल के लिए भी जाना जाता है। भारत के 7 प्रतिशत वन मध्यप्रदेश में है।

**मध्यप्रदेश है ग्लोबल मार्केट के....** स्टेट है। इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लुधियाना पहुँचने पर उद्योगपतियों ने जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंटरैक्टिव सत्र का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया और अनेक उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा की।

**बिहार मतदाता सूची मामले....** है, लेकिन फिलहाल अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को अपनी याचिकाओं की प्रतियां चुनाव आयोग और अन्य पक्षों को सौंपने का निर्देश दिया। अब सबकी निगाहें गुरुवार को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। फिलहाल, एसआईआर के खिलाफ कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इनमें आरजेडी सांसद मनोज झा, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल, योगेंद्र यादव और लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा शामिल हैं।

बिहार में कुछ ही महीनों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर भारत निर्वाचन आयोग ने 11 दस्तावेजों की सूची जारी की है। इसमें जिन दस्तावेजों का जिक्र किया गया है, उन्हें स्थानीय निवासी को फॉर्म के साथ बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को देना होगा। अलग-अलग माध्यम से मतदाताओं को जागरूक भी किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर बिहार पीआईबी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा, अगर वोट देना है तो फॉर्म भरना होगा।

**मतदाताओं को न्याय दिलाने....** महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि बिहार में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य पूरी तरह से असंवैधानिक है और इसके खिलाफ कांग्रेस सहित नौ विपक्षी दलों ने एक साथ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

2 गुजराती 8 करोड़ बिहारियों.... मिलकर 8 करोड़ बिहारियों के वोट का अधिकार छिनने का प्रयास कर रहे है। इन दो गुजरातियों को बिहार, संविधान और लोकतंत्र से सख़्त नफ़रत है। जागो और आवाज़ उठाओ! लोकतंत्र और संविधान बचाओ!!

## महाविद्यालयों में पीजी में प्रवेश के लिए बढ़ी अंतिम तिथि

**भोपाल, देशबन्धु।** उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए प्रदेश के महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर (पीजी) कक्षाओं में प्रवेश पाने के इच्छुक विद्यार्थियों को राहत दी है। उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए विभाग ने पीजी स्तर पर प्रवेश के लिए काउंसलिंग राउंड (सीएलसी) की समय सरणी में बदलाव किया है। जिसके तहत ऑनलाइन पंजीयन की तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी 7 जुलाई से 10 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन और आवेदन कर सकेंगे। नई समय सरणी के अनुसार, वे सभी विद्यार्थी जो सत्र 2025-26 में पीजी के विषयों में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन्हें 10 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। इन विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए दिनांक, स्थान और समय की सूचना 14 जुलाई को मिलेगी। इसके बाद, इन विद्यार्थियों के साक्षात्कार और उनके अंकों की पोर्टल पर प्रविष्टि 16 और 17 जुलाई को की जाएगी। यह चरण उन विशिष्ट पाठ्यक्रमों के लिए है जिनमें प्रवेश हेतु साक्षात्कार आवश्यक होता है। सीट आवंटन की प्रक्रिया 21 जुलाई को पूरी की जाएगी। जब विद्यार्थियों को उनके संबंधित महाविद्यालयों में सीटों का आवंटन किया जाएगा। सीट मिलने के बाद, आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 21 जुलाई से 25 जुलाई तक किया जा सकेगा।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरे पुत्र का नाम ATHRAV SAHU था, वर्तमान में मेरे पुत्र का नाम ATHARV SAHU हो गया है जो कि आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज है, अत: अब मेरे पुत्र को ATHARV SAHU के नाम से ही लिखा पढ़ा व जाना जावे।

**MANOJ SAHU**
**H. NO. 906 BESIDE**
**INDIAN OVERSEAS BANK**
**PADMAKAR NAGAR**
**MAKRONIYA SAGAR (M.P.)**

**CHANGE OF DOB**

I , BALWINDER KAUR IS MOTHER OF ARMY NO - 4594161A RANK SEP NAME PARGAT SINGH SERVING IN 1 RR BN (MAHAR) C/O 56 APO HOME ADDRESS AT POST - QADIAN , TEH - GURDASPUR, KHARA , GURDASPUR, STATE - PUNJAB, PIN - 143516 HAVE CHANGED MY DOB FROM 01/01/1983 TO 01/01/1964 IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 07/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF DOB**

I , PREM ANKUSH JADHAO IS SON OF ARMY NO - 4576438L RANK NK NAME LATE JADHAO ANKUSH ASARAM UNIT MAHAR REGIMENT CENTER C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - NANDRA KOLI , DIST - BULDHANA STATE - MAHARASHTRA HAVE CHANGED MY DOB FROM 14/04/2007 TO 14/05/2007 IN MY FATHER SERVICE DOCUMENTS. VIDE AFFIDAVIT DATED 07/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , RAJ KUMARI IS MOTHER OF ARMY NO - 4586897X RANK NK NAME VIKRAM YADAV SERVING IN TRG CELL MRC C/O 56 APO HOME ADDRESS AT GOSALPUR, GOSALPUR, JABALPUR, MADHYA PRADESH, PIN - 483222 HAVE CHANGED MY NAME FROM RAJ KUMARI TO RAJKUMARI YADAV IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 07/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , SANGEETA SPOUSE OF NAME BASAVARAJ DUNDAPPA GHASTI HOME ADDRESS AT GUDAGANAHATTI , PO - DADDI, TEH - HUKKERI, DIST - BELGAVI, STATE - KARNATAKA, PIN - 591254 HAVE CHANGED MY NAME FROM SANGEETA TO SANGEETA BASAVARAJ GHASTI . VIDE AFFIDAVIT DATED 07/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , NO JC 573820X NB SUB LAL CHAND S/O DEVU RAM AT VILL - CHACHYOT, PO - CHACHYOT, TEH - CHACHYOT, DIST - MANDI , (HP) AND PRESENTLY SERVING WITH 4 MAHAR (BORDERS) C/O 99 APO HAVE CHANGED MY SON NAME IN MY SERVICE DOCUMENT FROM ARIYAN TO ARYAN RESPECTIVELY.

**CHANGE OF NAME**

I , ANJTA DEVI MOTHER OF ARMY NO - 4581821N RANK HAV NAME SANOJ KUMAR PRESENTLY RESIDING AT GRAM /POST - DUMARIA BUZURG , THANA - PARBATTA DUMARIA , BUZURG, KHAGARIA, STATE - BIHAR, PIN - 851216 HAVE CHANGED MY NAME FROM ANJTA DEVI (OLD NAME ) TO ANITA DEVI ( NEW NAME ) . VIDE AFFIDAVIT DATED 12/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I , CHANDRAWI IS MOTHER OF ARMY NO - 18002048F RANK HAV NAME SOMVIR SINGH SERVING IN 56 ENGR REGT C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - DHAKPURA , POST - KAATANA , KATANA , FIROZABAD, STATE - UTTAR PRADESH, PIN - 205152 HAVE CHANGED MY NAME FROM CHANDRAWI TO CHANDRAVATI IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 07/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै भावना शांडिल्य उम्र 50 वर्ष पति मनोज शांडिल्य निवासी वार्ड नं. 13 रहली जिला सागर (म.प्र.)। मैं सुनीता शांडिल्य एवं भावना शांडिल्य दोनो नाम मेरे ही है। वर्तमान मे मुझे भावना शांडिल्य के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है। जो कि मेरे आधार कार्ड मे भी दर्ज है, जो कि सही है। अत: अब मुझे भावना शांडिल्य के नाम से ही जाना एवं पहचाना जावे।

**शपथ कर्ता**
**भावना शांडिल्य**

**CHANGE OF NAME & DOB**

I , RIYANSU D/O NO JC 573820X NB SUB LAL CHAND RESIDING AT VILL - CHACHYOT, PO - CHACHYOT, TEH - CHACHYOT, DIST - MANDI , (HP) AND PRESENTLY SERVING WITH 4 MAHAR (BORDERS) C/O 99 APO HAVE CHANGED MY NAME AND DATE OF BIRTH IN MY FATHER SERVICE DOCUMENTS FROM RIYANSU KUMARI TO RIYANSHU AND 15 APR 2005 TO 01 NOV 2004 RESPECTIVELY.

**CHANGE OF NAME**

WE , HARI WAGHMARE & KONDABAI ARE PARENTS OF ARMY NO - 4580933F RANK LNK NAME SACHIN HARI WAGHMARE SERVING IN 1 MAHAR HOME ADDRESS AT HOUSE NO 92, NAVJIVAN COLONY, BHIWANDI, THANE , MAHARASHTRA, 421302 HAVE CHANGED MY NAME FROM HARI WAGHMARE TO HARI SAMBHAJI WAGHMARE AND CHANGED FROM KONDABAI TO KONDABAI HARI WAGHMARE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 07/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

**CHANGE OF NAME**

I, ARMY NO - 4580957L RANK L/NK NAME MOHOD PAPPU MADHUKAR SERVING IN 1 MAHAR HOME ADDRESS AT KHODAD , POST - BAPORI ,TEH - MURTIJAPUR , DIST - AKOLA , STATE - MAHARASHTRA, PIN - 444106 HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM PRIYANSHI TO PRIYANSHI PAPPU MOHOD IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 06/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR MP

**CHANGE OF NAME**

I , ARMY NO - 4580955A RANK SEP NAME KAJALE UMESH DEVIDAS SERVING IN 1 MAHAR HOME ADDRESS AT KAJLAMBA , KAJLAMBA, KAJALAMBA , WASHIM, MAHARASHTRA, 444505 HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME FROM JANAVI TO JANVI UMESH KAJALE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 07/07/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

## सार समाचार

### वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जिला स्तर पर पर्यावरण सरंक्षण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रत्येक थाना,चौकी प्रभारियों को अपने थाना ,चौकी परिसर में वृक्षारोपण करने हेतु निर्देशित किया गया है एवं सभी को क्षेत्र में अभियान अंतर्गत आमजन को जागरूक करने हेतु बताया गया है । इसी तारतम्य में 'पर्यावरण संरक्षण अभियान' के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जतारा थाना परिसर में वृक्षारोपण कर जनमानस को जीवन में पेड़ों के महत्व का संदेश दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नव आरक्षकों को वृक्षों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

कार्यक्रम में एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम,थाना प्रभारी जतारा निरीक्षक रविभूषण पाठक,क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि,पत्रकार बंधु,गणमान्य नागरिक ,आमजन एवं थाना के सभी पुलिसाधिकारी कर्मचारी शामिल हुए और सभी ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया।

विजयपुर गांव में पिता-पुत्र का रविवार रात में किया अंतिम संस्कार

# बाप-बेटे की एक साथ जलीं चिताएं तो हर आंख हुई नम

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जतारा थाना क्षेत्र विजयपुर गांव में एक युवक की सिर काटकर हत्या कर दी गई। मृतक 32 साल का अखिलेश कुशवाहा है। जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम ने बताया कि घटना की जांच के लिए आज सागर रेंज आईजी हिमानी खन्ना घटनास्थल पर पहुंच रही हैं। रविवार को मिली लाश में सिर धड़ से अलग था। सिर को एक चबूतरे पर लगे झंडे के नीचे रखा गया था। इस वजह से नरबलि की आशंका जताई जा रही हसिर धड़ एक दिन पहले पुलिस को विजयपुर गांव में सिर कटी लाश मिली ।

**पिता - पुत्र का एक साथ किया अंतिम संस्कार**

एक दिन पहले पिता - पुत्र की सिर कटी लाश मिली थी, पिता का कैंसर से निधन दुखद संयोग यह रहा कि मृतक के पिता गोला कुशवाहा का भी रविवार सुबह कैंसर से निधन हो गया था। देर रात दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। परिवार में मृतक की मां मानसिक रूप से कमजोर हैं। उनके 3 और 17 वर्ष के दो भाई भी हैं। वहीं



एसपी मनोहर मंडलोई ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूछताछ की।

कुशवाहा समाज के अध्यक्ष आनंद कुशवाहा ने बताया कि मृतक परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। जतारा विधायक हरिशंकर खटीक के भाई सुनील खटीक ने अंतिम संस्कार के लिए 10 हजार रुपए की मदद की है। पुलिस ग्रामीणों और परिजनों से पूछताछ कर रही है।

## स्वतंत्रता सेनानी नेमीचंद जैन का निधन, पुलिस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** लोकतंत्र सेनानी और मीसाबंदी एडवोकेट नेमीचंद जैन का सोमवार सुबह 8 बजे निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका जन्म 17 जुलाई 1941 को हुआ था। उनका अंतिम संस्कार पाराशरी स्थित विश्राम घाट पर दोपहर 3 बजे किया गया। नेमीचंद जैन वार्ड क्रमांक 22 जैन चैत्यालय के पास रहते थे। उनके परिवार में पत्नी सरला देवी जैन, चार बेटे संजय कुमार जैन, सिद्धार्थ जैन, चंद्रानंदन जैन और सौरभ जैन हैं और एक बेटी संगीता है। अंतिम विदाई के दौरान पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उपस्थित हुए। बड़े बेटे संजय कुमार जैन ने मुखाग्नि दी।

इमरजेंसी में जेल गए: एडवोकेट नेमीचंद जैन 1951 में ये संघ के स्वयंसेवक बने। इसके बाद जनसंघ से जुड़े। साल 1973 में आप जनसंघ के जिले में सहमंत्री रहे। 1975 में इमरजेंसी लगने पर इन्हें विदिशा से लौटते वक्त बासौदा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इमरजेंसी के दौरान इन्हें भोपाल जेल में रखा गया था। उन्होंने जनसंघ के लिए प्रचार किया। उस समय वह प्रचार के लिए विदिशा जिले के अलावा उत्तरप्रदेश में भी कई ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में प्रचार किया।

# केलों से भरा ट्रक झांसी हाइवे पर पलटा

**हाईवे पर लगा जाम**

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** टीकमगढ़ झांसी हाइवे सड़क पर भगवंतपुरा तिगैला के पास एक आयशर ट्रक के अचानक कमानी पट्टा टूटने से अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। इस घटना में ट्रक चालक को चोट आ गई। इसी दौरान दूसरा हाइवा ट्राला जब क्रॉसिंग करने के लिए निकला तो सड़क किनारे गीली पटरी होने के कारण धस गया।

इसकी वजह से टीकमगढ़ झांसी हाइवे सड़क पर जाम लग गया। सड़क के दोनों तरफ सैकड़ो वाहनों की लंबी लाइन लग गई। दोनों ट्रक के बीच से निकलने में बिल्कुल भी जगह नहीं थी। लोगों को पैदल निकलने व बाइक निकालने में भी परेशानी हो रही थी। इस दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने दिगौड़ा पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही प्रधान आरक्षक अभय वर्मा, आरक्षक जगभान रजक, अमित अहिरवार, पायलेट मेहबूब खान मौके पर





पहुंचे और उन्होंने स्थानीय लोगों की सहायता से हाइवा को सड़क से हटवाने का प्रयास किया गया। हाइवा ट्राला बुरी तरह से फसा होने पर पुलिस ने जेसीबी मशीन को बुलाकर फंसे हुए हाइवा को सड़क से निकाला और जाम में फंसे वाहनों को एक एक कर निकाला। हाइवे पर यह जाम करीब एक घंटे से अधिक समय तक लगा रहा, जिससे इस हाइवे से निकलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## किसानों ने तहसील पहुंचकर किया प्रदर्शन

**सिरोंज, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत बरेंडा के किसानों ने अपनी जमीन को बचाने के लिए लगाई सरकार से गुहार लगाई है। किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में तहसील पहुंचे किसानों ने किया जोरदार प्रदर्शन किया। करीब आधे घंटे से अधिक समय तक चले इस प्रदर्शन के दौरान किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि ग्राम बरेंडा में यह अहिरवार समाज के लोग तकरीबन 45 साल से शासकीय तहसील की जमीन पर खेती कर रहे हैं। इस जमीन पर इनको पूर्व में कुटीर, शौचालय, शासकीय ट्रांसफार्मर एवं खेती के लिए भी अलग ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। तकरीबन 40 परिवार अपना गुजर इस जमीन पर कर रहे हैं। विगत दिनों प्रशासन ने एक नोटिस उनके गांव पर चस्पा करके इनको सूचना दी के यह जमीन वन विभाग को हस्तांतरित की जा रही है क्योंकि टैम सिंचाई परियोजना में गई हुई भूमि के बदले में यह जमीन वन विभाग को देना है।

## वन विभाग ने 35 वर्षों पुराने अतिक्रमण पर चलाया बुलडोजर, 40 एकड़ वन भूमि को कराया मुक्त

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** टीकमगढ़ रेंज अंतर्गत वन विभाग की टीम द्वारा आज सोमवार को बिलगाएँ बीट के कंपार्टमेंट नम्बर 35 में कई सालों से अतिक्रमण की गई 40 एकड़ वन भूमि पर बुलडोजर चलाकर कार्यवाही की गई है। अतिक्रमण के विरुद्ध यह कार्यवाही टीकमगढ़ रेंजर सौरभ जैन के नेतृत्व में की गई है। वन विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए वनक्षेत्र से अवैध अतिक्रमण को हटाकर बेदखली की बड़ी कार्यवाही की गई। वन अमले ने यहां पर जेसीबी मशीन की सहायता से 40 एकड़ वन भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उक्त वन भूमि को पौधरोपण के लिए सुरक्षित किया गया है।

टीकमगढ़ रेंजर सौरभ जैन ने बताया है कि बिलगाएँ बीट के





कम्पार्टमेंट नम्बर 35 की वन भूमि पर कई सालों से अतिक्रमण था। बरसात होने पर अतिक्रमणकारियों द्वारा हर साल की तरह इस बार भी जुताई करके फसल बोने की योजना बनाई थी। वन विभाग टीम ने चंदू अहिरवार, सरमन अहिरवार, बलराम अहिरवार, मानवेन्द्र घोष, प्रभु घोष समेत कुल 15 अतिक्रमण कारियों द्वारा कब्जा की गई 40 एकड़ की वन भूमि को दल बल के साथ नष्ट करके गहरी खाई और बड़े गड्ढे खोदकर चारों तरफ से ट्रेंच खोदकर अतिक्रमण से मुक्त कराए गए वन क्षेत्र को वर्षा ऋतु में पौधा रोपण किए जाने के लिए सुरक्षित किया गया है।

उक्त अतिक्रमण बेदखली की कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी टीकमगढ़ सौरभ जैन, वनरक्षक बाबूलाल विश्वकर्मा, राजेन्द्र सिंह, शहीद मुहम्मद, मातादीन रैकवार, जुगलकिशोर नामदेव, बृजेन्द्र सिंह घोष, राजेश पटेल, वीरेन्द्र सौर सहित वन अमला शामिल रहा।

मवई टोल प्लाजा पर मारपीट

## कर्मचारियों ने 2 युवकों को लात-घूंसों से पीटा

**सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ**

**टीकमगढ़, देशबन्धु ।** जिले से 10 किलोमीटर दूर मवई टोल प्लाजा पर रविवार देर रात मारपीट हो गई। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि टोल प्लाजा के चार से पांच कर्मचारियों ने दो युवकों की जमकर पिटाई की।

कर्मचारियों ने लात, घूंसों और डंडों से युवकों को पीटा। देहात थाना क्षेत्र में हुई इस घटना में अभी तक विवाद का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। आश्चर्यजनक रूप से दोनों पक्षों में से किसी ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। देहात थाना प्रभारी चंद्रकांत यादव



का कहना है कि उन्होंने सीसीटीवी वीडियो देखा है, लेकिन अब तक इस मामले में किसी भी पक्ष में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। वीडियो के आधार पर घटना के बारे में पता लगाया जा रहा है।

चंदेरा थाना अंतर्गत हुए अंधे कत्ल के घटनास्थल का किया निरीक्षण

## घटना के खुलासे एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एसडीओपी जतारा के नेतृत्व में 4 पुलिस टीमों का किया गठन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** 6 जुलाई 2025 को थाना चंदेरा अंतर्गत ग्राम विजयपुर स्थित गोंड बाबा के स्थान पर एक युवक की हत्या की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया। मृतक की पहचान अखिलेश कुशवाहा, निवासी ग्राम सतगुवा के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम एवं थाना प्रभारी चंदेरा उप निरीक्षक रश्मि जैन घटनास्थल पर पहुंचे तथा पूरे घटनाक्रम से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को अवगत कराया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे एवं संपूर्ण क्षेत्र का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने वैज्ञानिक एवं तकनीकी



साक्ष्य टीमों के साथ मिलकर घटनास्थल का बारीकी से अवलोकन किया एवं वहाँ मौजूद व्यक्तियों से आवश्यक पूछताछ की। उन्होंने एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के नेतृत्व में चार विशेष पुलिस टीमों का गठन कर तत्काल प्रभाव से अनुसंधान प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अपराध का शीघ्र खुलासा करते हुए दोषियों को गिरफ्तार कर विधिसम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस विभाग इस गंभीर अपराध की तह तक पहुँचने हेतु हर संभावित पहलू की जाँच कर रहा है। पुलिस प्रशासन आमजन से अपील करता है कि यदि किसी के पास इस घटना से संबंधित कोई जानकारी हो, तो वह स्थानीय पुलिस को गोपनीय रूप से सूचित करें।

# अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश



**पलेरा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र में हुई चार चोरियों का थाना प्रभारी मनोज सोनी ने सोमवार को खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एसपी मनोहर मंडलोई, एएसपी सीताराम और एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों में जयसिंह उर्फ छोटे राजा (40) और सूर्यप्रताप उर्फ मनी राजा (23) शामिल हैं।

दोनों उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के चरखारी के रूपनगर वार्ड नंबर 9 के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रात 12 से 3 बजे के बीच वारदात को अंजाम देते थे। चोरी से पहले सुनसान मकान की रेकी करते थे।

चोरी के दौरान कपड़े उतारकर किसी सुनसान जगह पर छिपा देते थे। ऐसा इसलिए करते थे ताकि कोई देख ले तो उन्हें गांव का ही कोई व्यक्ति समझे। थाना प्रभारी मनोज सोनी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने सोने की दो अंगूठी, मंगलसूत्र, दो जोड़ी कान के फूल और हार बरामद किए हैं। इसके अलावा चांदी की 6 जोड़ी पायल, बिछिया और सिक्का भी मिला है। कुल 3 लाख रुपए के जेवरात, 22,500 रुपए नकद, एक कट्टा और कारतूस तथा 3 लाख की कीमत की चार पहिया गाड़ी बरामद की गई है। कुल बरामदगी 6.27 लाख रुपए की है।

अभियान का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समुदाय की भागीदारी को मजबूत करना है

# शासकीय महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत किया वृक्षारोपण

**पलेरा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय पलेरा में रविवार को एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की शुरुआत अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए की गई। इसका उद्देश्य पिछले वर्ष की सफलता को आधार बनाकर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समुदाय की भागीदारी को मजबूत करना है।

कार्यक्रम के दौरान जनभागीदारी अध्यक्ष संजय अहिरवार उर्फ संजू बाबा समेत जनभागीदारी सदस्य विजय अहिरवार, पूर्व विधायक प्रतिनिधि हरसेवक राजपूत, सुनील व्यास समेत महाविद्यालय प्रबंधन एवं स्टाफ ने कॉलेज परिसर में नींबू, अमरूद, जामुन और आम, कटहल जैसे फलदार पौधे लगाए। महाविद्यालय के प्राचार्य आरएन पाल ने सभी को अधिक से अधिक पौधा



लगाने, उनका संरक्षण और संवर्धन करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि कहा कि जन-भागीदारी समिति के अध्यक्ष संजय अहिरवार उर्फ संजू बाबा अपनी व्यवस्थित प्लानिंग बनाकर कार्यकाल का पूरा उपयोग करें और महाविद्यालय का नाम रोशन करें। पूर्व विधायक प्रतिनिधि हरसेवक राजपूत ने कहा कि महाविद्यालय का कार्यक्षेत्र महाविद्यालय तक सीमित न रहे, पारदर्शिता और गुणवत्ता भी आए। उन्होंने कहा कि प्राचार्य और समिति अध्यक्ष बच्चों की शिक्षा और उनके सम्पूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। जनभागीदारी सदस्य विजय अहिरवार ने कहा कि महाविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम, औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण कर सामाजिक कार्यक्षेत्र में विद्यार्थियों का सहयोग, महाविद्यालय में बाहरी हस्तक्षेप को रोकना आदि जन-भागीदारी समिति के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी है। मौके पर उपस्थित पत्रकार सूरज राजपूत एवं सोनू विश्वकर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में जन भागीदारी अध्यक्ष संजय अहिरवार लगातार अपनी जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर बलराम अग्निहोत्री के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्राचार्य आरएन पाल, सामूलाल कोल, लोकेंद्र नरवरिया, डॉ ममता चानना, डॉ ममता कुशवाहा, डॉ प्रमोद रिछारिया, डॉ किदवर मंसूरी, डॉ बृजेश पांडे, डॉ केजी चौरसिया, डॉ सुरजन यादव, डॉ बलराम अग्निहोत्री, के एल चढ़ार, रमेश रैकवार उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में ठोस पहल

# पुलिस ने कार्यक्रम आयोजित किए



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई* के निर्देशन में नीड, परी, भरोसा, सहारा, आसरा नामक समेकित जन-जागरूकता अभियान जिला टीकमगढ़ में सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। इस बहुआयामी अभियान के माध्यम से महिलाओं को बाल्यावस्था से वृद्धावस्था तक सशक्त एवं संरक्षित बनाने हेतु व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं।

**प्रमुख गतिविधियाँ व निर्देश**

6 जुलाई 2025 को बड़ागांव थाना द्वारा थाना क्षेत्र में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं, किशोरियों एवं आम नागरिकों को अभियान की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों* को निर्देशित किया गया है कि वे विशेष रूप से दूरस्थ, ग्रामीण, आदिवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं को इस अभियान से जोड़ते हुए, क्षेत्रीय स्तर पर निरंतर जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करें।

**अभियान के अंतर्गत संचालित प्रमुख बिंदु**

ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों में जनसंपर्क और संवाद शिविर महिलाओं को कानूनी अधिकार सुरक्षा उपाय* तथा *सहायता संसाधनों की जानकारी देकर उन्हें आत्मरक्षा हेतु सशक्त किया जा रहा है। 'गुड टच- बैड टच' विषय पर बालिकाओं के लिए व्यवहारिक प्रशिक्षण। स्कूली छात्राओं को प्रारंभिक अवस्था से ही व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मसम्मान एवं संवाद की समझ* प्रदान की जा रही है। महिला हेल्पलाइन व आपातकालीन सेवा जानकारी का प्रचार-प्रसार। उपस्थितजन को महिला हेल्पलाइन 1030 साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं आपातकालीन नंबर 100 के उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई।

**पुलिस 'आपकी साथी' भावना का विस्तार**

पुलिस अधिकारियों द्वारा यह विश्वास दिलाया गया कि टीकमगढ़ पुलिस सदैव सुरक्षा, सहयोग और न्याय के लिए तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।

# खेल जगत

## शुभमन गिल कप्तान की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं: मदन लाल

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर मदन लाल ने टेस्ट कप्तान होने के दबाव को संभालने के लिए शुभमन गिल की जमकर तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे गिल ने टीम को जीत दिलाई और साथ ही अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन का भी ख्याल रखा। मदन लाल ने कहा, 'भारत ने दोनों टेस्ट मैचों में दबदबा बनाया। टीम इंडिया पिछले मैच में खासकर खराब फील्डिंग के कारण हारी थी, इसके अलावा उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। गेंदबाजी विभाग ने शानदार प्रदर्शन किया। हमारी गेंदबाजी इंग्लैंड की तुलना में कहीं बेहतर थी। पिछले मैच में हमने थोड़ी शॉर्ट बॉलिंग की, जिससे इंग्लैंड को लक्ष्य हासिल करने का मौका मिला।' मदन लाल ने युवा कप्तान की तारीफ करते हुए कहा, 'शुभमन गिल की चर्चा हर जगह हो रही है। वह आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं।



# अगर हमारी टीम मेरे योगदान से टेस्ट सीरीज जीतती है तो मुझे खुशी होगी: शुभमन गिल

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान शुभमन गिल के पहली पारी में दोहरे शतक और दूसरी पारी में शतक सहित कुल 430 रन बना और आकाश दीप के मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में चटकाए कुल दस विकेट की बदौलत भारत ने एजबेस्टन, बर्मिंघम में रविवार रात 336 रन की बड़ी जीत के साथ एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच टेस्ट की क्रिकेट सीरीज में एक एक की बराबरी पा लिए। चीफ कोच गौतम गंभीर व कप्तान शुभमन गिल की जसप्रीत बुमराह को आराम देकर दूसरे टेस्ट की एकादश में शामिल तेज गेंदबाज आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर व नीतिश रेड्डी सहित दूसरे टेस्ट जिन तीन बदलावों के लिए कड़ी आलोचना की जा रही उनमें से आकाश दीप व सुंदर कसौटी पर खरे उतरे और भारत की जीत में अहम योगदान किया।

पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बना मैन ऑफ द' मैच रहे शुभमन गिल ने भारत की बड़ी जीत के बाद कहा, 'गेंदबाजों के लिए एजबेस्टन टेस्ट में गेंदबाजी करना बहुत मुश्किल था। पिच पर गेंद ज्यादा जल्दी ढीली हो बहुत जल्दी अपना आकार खो रही थी। मुझे नहीं मालूम यह क्या था, मौसम या पिच कुछ भी लेकिन गेंदबाजों के लिए इस पिच पर विकेट चटकाना बहुत मुश्किल हो रहा था। बतौर टीम जब आप यह



■ हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण वाकई शानदार था
■ पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बना मैन ऑफ द' मैच रहे शुभमन गिल

जानते हैं कि विकेट लेना मुश्किल है और रन आसानी से बन रहे हैं तो बहुत सी चीजे आपके काबू से बाहर हो जाती हैं। जहां तक मेरे खेल की बात है तो मैं कहूंगा कि मैं अपने खेल को लेकर सहज महसूस कर रहा हूं। अगर हमारी टीम मेरे योगदान से टेस्ट सीरीज जीतती है तो मुझे खुशी होगी। मैं एक बल्लेबाज के तौर पर खेलना चाहता हूं। बल्लेबाज के तौर पर सोचना चाहता हूं। पहले टेस्ट के बाद हमने जो कुछ भी किया सही किया। हमारी गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण वाकई शानदार थी। जब आप कप्तान होते हैं तो तब आपको अनुकरणीय खेल दिखाने की जरूरत होती है जिससे कि जब कोई अन्य खिलाड़ी इस स्थिति में हो आप उसका मार्गदर्शन कर सकें। आपको अपने मन की करने की बजाय खुद से पहले टीम को रखना होता है। मैं अच्छी गेंद पर आउट हो जाउ तो भले हो जाउ लेकिन मैं लंबे से लंबा खेलना चाहता हं। बेशक दूसरा टेस्ट भी पांच दिन तक चला लेकिन हमारी भारतीय टीम इतने लंबे टेस्ट मैच खेलने की आदत नहीं है।बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अच्छी बात यह रही कि हम इसमें ज्यादा समय तक बल्लेबाजी कर रहे थे न कि गेंदबाजी।

शुभमन ने कहा,' यहां तक पहली पारी में हमने लगभग एक दिन यानी 90 ओवर फील्डिंग की और हमारे लिए यह अच्छा ही रहा। अब मौजूदा टेस्ट सीरीज के बाकी आगामी टेस्ट मैचों में हम यदि निरंतर 300 अथवा 400 के करीब रन बनाते हैं तो हम हमेशा टेस्ट में बने रहेंगे। हमारे तेज गेंदबाज आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने धारदार गेंदबाजी दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में कुल मिलाकर आपस में 17 विकेट बांटे जो अपने आप में तब एक बड़ी उपलब्धि है और उन्होंने यह कामयाबी जसप्रीत बुमराह भाई के बिना हासिल की। दूसरे टेस्ट से पहले बहुत सवाल थे कि क्या हम इसमें इंग्लैंड के 20 विकेट चटका पाएंगे? जिस तरह आकाश दीप और सिराज ने मिलकर दोनों पारियों में इंग्लैंड को आउट किया वह वाकई शानदार था और मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता हूं।'

## इंग्लैंड वैसा नहीं खेल पाई, जैसा हम चाहते थे : ब्रैंडन मैकुलम

बर्मिंघम। एजबेस्टन में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में भारत के हाथों 336 रनों से करारी हार झेलने के बाद इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने स्वीकार किया कि मेजबान टीम अपनी इच्छानुसार नहीं खेल पाई और टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला गलत साबित हुआ। रिकॉर्ड 608 रनों का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम पांचवें दिन दूसरे सत्र से में 271 रन पर सिमट गई। भारत की सीरीज बराबर करने वाली जीत में कप्तान शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए, जबकि आकाश दीप ने मैच में 10 विकेट लिए। ब्रैंडन मैकुलम ने कहा, 'हम पांच दिनों तक दूसरे नंबर पर रहे। भारत ने असाधारण खेल दिखाया। शुभमन गिल ने इस पिच पर शानदार प्रदर्शन किया। हम इस पर वैसा नहीं खेल पाए जैसा हम खेलना चाहते थे और भारत पूरी तरह से जीत का हकदार था।'

# ईस्ट बंगाल व साउथ यूनाइटेड के बीच होगा डूरंड कप फुटबॉल का उद्घाटन मैच

## शिरकत करने वाली टीमों चार चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया

**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (देशबन्धु)। ईस्ट बंगाल और साउथ युनाइटेड के बीच ग्रुप ए के कोलकाता में 23 जुलाई को खेले जाने वाले उदघाटन मैच से देश के सबसे पुराने 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप की का आगाज होगा। दोनों टीमों के बीच यह उद्घाटन मैच कोलकाता के प्रतिष्ठित विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा। डूरंड कप एक महीने तक चलेगा और इसमें कुल 43 मैच होंगे और फाइनल 23 अगस्त को खेला जाएगा।



टूर्नामेंट के ग्रुप और कार्यक्रम की घोषणा सोमवार को की गई, जिससे एक बार फिर भारतीय फुटबॉल की परंपरा और जुनून को देखने का अवसर मिलेगा। इसमें शिरकत करने वाली टीमों चार चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया है। छहों ग्रुप की विजेता और दो सर्वश्रेष्ठ उप विजेता टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगी, जो 16 और 17 अगस्त को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 19 और 20 अगस्त को होंगे। फाइनल 23 अगस्त, शनिवार को खेला जाएगा। नॉकआउट दौर के मैचो के स्थानो की घोषणा जल्द की जाएगी।

कोलकाता में ग्रुप ए और बी के मुकाबले होंगे। ईस्ट बंगाल के शुरुआती मैच के बाद इंडियन एयर फोर्स फुटबॉल टीम और आई-लीग क्लब नामधारी एफसी क्रमशः 27 और 30 जुलाई को एसयूएफसी के खिलाफ अपना अपना पहला मैच खेलेगी। ग्रुप बी का आगाज 28 जुलाई को मोहम्मडन एससी और डायमंड हार्बर एफसी के मैच से होगा जो कि भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा। इसके बाद 31 जुलाई को इसी मैदान में आईएसएल चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट और मोहम्मडन एससी के बीच बहुप्रतीक्षित मैच होगा।बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स फुटबॉल टीम 1 अगस्त को डायमंड हार्बर के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

ग्रुप सी की शुरुआत जमशेदपुर में 24 जुलाई को होगी, जहां जमशेदपुर एफसी, नेपाल की त्रिभुवन आर्मी एफटी के खिलाफ जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलेगी। इंडियन आर्मी एफटी और 1 लद्दाख एफसी क्रमशः 29 जुलाई और 2 अगस्त को अपना पहला मुकाबला खेलेंगे.। कोकराझार ग्रुप डी की मेज़बानी करेगा, जिसमें आईएसएल क्लब पंजाब एफसी, असम की करबी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी, स्थानीय बोडोलैंड एफसी और इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस एफटी (आईटीबीपी एफटी) शामिल हैं। आईटीबीपी और कार्बी आंगलोंग के बीच पहला मैच 27 जुलाई को होगा। बोडोलैंड एफसी 31 जुलाई को अपना पहला मैच खेलेगा, जबकि पंजाब एफसी 3 अगस्त को मैदान में उतरेगा।

ग्रुप ई की शुरुआत शिलॉन्ग में 26 जुलाई को होगी, जहां मेजबान शिलॉन्ग लाजोंग एफसी का सामना फॉरेन सर्विस टीम से होगा। गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी 2 अगस्त को फॉरेन सर्विस टीम के खिलाफ अपने खिताब की रक्षा शुरू करेगा। शिलॉन्ग डर्बी 29 जुलाई को लाजोंग और रंगदाजीद यूनाइटेड एफसी के बीच खेली जाएगी। ग्रुप एफ की मेज़बानी इंफाल करेगा, जहां 30 जुलाई को ट्राउ एफसी और नेरोका एफसी के बीच स्थानीय डर्बी से शुरुआत होगी। इंडियन नेवी एफटी और रियल कश्मीर एफसी 2 अगस्त को अपना अभियान शुरू करेंगे। अंतिम ग्रुप चरण मुकाबला 12 अगस्त को कोकराझार में बोडोलैंड एफसी और आईटीबीपी एफटी के बीच खेला जाएगा। आईएसएल क्लबों, प्रमुख सर्विसेज़ टीमों और क्षेत्रीय चहेते क्लबों की भागीदारी के साथ, 134वां इंडियन ऑयल डूरंड कप न सिर्फ भारतीय फुटबॉल की विरासत का जश्न मनाएगा बल्कि देश भर की प्रतिभाओं को मंच देने का अवसर भी प्रदान करेगा।

# साउथ अफ्रीका के लिए टेस्ट में कप्तानी करते हुए वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़कर रचा इतिहास



**बुलावायो,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज वियान मुल्डर ने तिहरा शतक जड़कर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 334 गेंदों में नाबाद 367 रन बनाए। पारी के दौरान 49 चौके और चार गगनचुंबी छक्के जड़े। केशव महाराज की अनुपस्थिति में वियान मुल्डर को टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई। टेस्ट में पहली बार कप्तानी कर रहे 27 वर्षीय ऑलराउंडर ने पहले दिन शानदार बल्लेबाजी की और नाबाद 264 रन बनाए। इसके अगले दिन जब खेल शुरू हुआ तो उन्होंने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और लंच तक नाबाद 367 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिए किसी बल्लेबाज की ओर से यह स्कोर अब तक का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 24 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद मुल्डर ने अपनी पहली कप्तानी पारी में बहुत धैर्य दिखाया। उन्होंने कमजोर गेंदों को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। उन्होंने डेविड बेडिंगम के साथ 184 रन और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस के साथ चौथे विकेट के लिए केवल 185 गेंदों पर 217 रन की शानदार साझेदारी की। यह दक्षिण अफ्रीका के लिए घर से बाहर चौथे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

मुल्डर ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दिन 264 रन बनाए, जो किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा टेस्ट के पहले दिन बनाया गया सर्वाधिक स्कोर और विश्व में ओपनिंग डे पर दूसरा सर्वाधिक स्कोर है। दूसरे दिन उन्होंने तेजी से बल्लेबाजी जारी रखी और 297 गेंदों में तिहरा शतक (300 रन) पूरा किया, जो टेस्ट इतिहास का दूसरा सबसे तेज तिहरा शतक है। इस उपलब्धि के साथ वे हाशिम अमला के बाद यह मुकाम हासिल करने वाले दूसरे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बने।

# आईसीसी ने जून महीने में 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के लिए मार्करम, रबाडा और निसांका के नाम की घोषणा की

**दुबई,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मार्करम, तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा और श्रीलंका क्रिकेट टीम के उभरते हुए सितारे पथुम निसांका को जून 2025 के लिए पुरुष कैटेगरी में 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार देने की घोषणा की। आईसीसी ने पुरुष के अलावा महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' पुरस्कार के लिए नामांकित खिलाड़ियों की भी घोषणा की।

मार्कराम ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी। गेंद से स्टीव स्मिथ का महत्वपूर्ण विकेट लेने के बाद, मार्कराम ने शानदार 136 रन बनाकर प्रोटियाज को 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा करने में मदद की। वियान मुल्डर और चोटिल कप्तान टेम्बा बावुमा के साथ उनकी साझेदारी ने दक्षिण



अफ्रीका को 27 वर्षों में पहली बार आईसीसी पुरुष ट्रॉफी जीतने में मदद की।

रबाडा ने अपनी आक्रामक शैली का जोरदार प्रदर्शन करते हुए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिण अफरीका के गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया। उन्होंने पहली पारी में 49 रन देकर 5 विकेट लिए। उन्होंने इस प्रदर्शन के दम पर दक्षिण अफ्रीका के प्रमुख टेस्ट विकेट लेने वालों की सूची में पूर्व गेंदबाज एलन डोनाल्ड को पीछे छोड़ दिया। रबाडा ने मैच में कुल नौ विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को ज्यादा खुलकर शॉट्स खेलने का मौका नहीं दिया। जिससे ऑस्ट्रेलिया बड़ा स्कोर करने में सफल नहीं हो पाई। पहली पारी में कम स्कोर के बाद दक्षिण अफ्रीका को मुकाबले में बनाए रखने में रबाडा की गेंदबाजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में जीत के दौरान पथुम निसांका श्रीलंका के स्टार बल्लेबाज थे। उन्होंने पहले टेस्ट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 187 रन की पारी खेली और अपनी टीम को मैच ड्रॉ कराने में मदद की और दूसरे टेस्ट में 158 रन बनाकर श्रीलंका को पारी और 78 रन से जीत दिलाई। निसांका ने बेहतरीन निरंतरता और धैर्य दिखाते हुए सीरीज का अंत शीर्ष स्कोरर के रूप में किया। आईसीसी की ओर से महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज ताजमिन ब्रिट्स और दो वेस्टइंडीज मूल की खिलाड़ी, हेले मैथ्यूज और अफी फ्लेचर शामिल हैं। ब्रिट्स के लिए यह महीना सभी प्रारूपों में प्रभावशाली रहा।

# इंग्लैंड की 'बैजबॉल' शैली से दुखी माइकल वॉन, टीम को दे डाली नसीहत



**बर्मिंघम,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड को एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट 336 रन से गंवाना पड़ा, जिससे पूर्व कप्तान माइकल वॉन दुखी हैं। उनका मानना है कि हेडिंग्ले में 'बैजबॉल विद ब्रेन' के बाद मेजबान टीम फिर से अपने पुराने ढर्रे पर आ गई है। माइकल वॉन ने सोमवार को 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, 'ईमानदारी से कहें, तो इस हफ्ते इंग्लैंड की टीम को करारी हार का सामना करना पड़ा है। तीसरे दिन चार घंटे के खेल को छोड़कर, जिसमें हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ ने शानदार बल्लेबाजी की, भारत ने इंग्लैंड पर पूरी तरह से दबदबा बनाया। यह ऐसा प्रदर्शन था, जिसने मुझे बहुत चिंतित किया।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे डर है कि इंग्लैंड ने पहले मैच को टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके के पूर्ण प्रमाण के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने पहले टेस्ट के दौरान जीत में शानदार स्किल दिखाई, लेकिन इसमें काफी हद तक भाग्य भी शामिल था। इंग्लैंड की टीम यहां (एजबेस्टन) आई और सोचा कि उन्हें सबकुछ उसी तरह करना चाहिए, लेकिन यह उल्टा पड़ गया।' पूर्व कप्तान ने कहा, 'आपको अपनी पूरी रणनीति एक हफ्ते के प्रदर्शन पर आधारित नहीं करनी चाहिए, खासकर तब जब किस्मत ने भी साथ दिया हो।

# माही के घर के बाहर पहुंचे फैंस, केक काटकर मनाया जन्मदिन




**रांची,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को अपना 44वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस मौके पर अपने इस हीरो को बधाई देने फैंस रांची स्थित माही के घर के बाहर एकत्रित हुए, जहां उन्होंने केक काटकर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान का जन्मदिन मनाया। सानिया सिंह एक युवा क्रिकेटर हैं। उन्होंने कहा, 'मैं क्रिकेट एकेडमी में खेलती हूं। मेरे कोच धोनी सर के बड़े फैन हैं। मैं भी उनकी बड़ी फैन हूं। सभी प्रोफेशनल क्रिकेटर्स के लिए धोनी प्रेरणा हैं। मैं चाहती हूं कि उनके जैसी ही खिलाड़ी बनूं।' धोनी के एक अन्य फैन ऋषभ राज ने कहा, 'हम धोनी का जन्मदिन मनाने के लिए उनके घर के बाहर खड़े हैं। यहां बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक मौजूद हैं। हम चाहते हैं कि माही ऐसे ही फिट बने रहें और पूरे देश को प्रेरित करते रहें।' धोनी के जन्मदिन पर सुबोध नामक एक फैन ने कहा, 'हमने यहां केक कटिंग की और लोगों के बीच इसे बांटा।

हमने यहां धोनी के कटआउट के साथ तस्वीरें खिंचवाई हैं।'

# ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका देना डीडीसीए का उद्देश्य : रोहन जेटली

**नई दिल्ली**, 7 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली प्रीमियर लीग-2025 के लिए सोमवार को महिला खिलाड़ियों की नीलामी हुई। इस मौके पर दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा है कि संघ का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को मौका देना है। रोहन जेटली ने कहा, 'डीपीएल को लेकर हमें शानदार रिस्पॉन्स मिला है। हमने पुरुष लीग में दो टीमें जोड़ी हैं। विमेंस टीम में पूल को बढ़ाया गया है, ताकि ज्यादा खिलाड़ियों को ऑक्शन में मौका मिल सके।'

उन्होंने आगे कहा, 'पहले हम सालभर में करीब 1,000 मैच



करवाते थे, लेकिन अब इसकी संख्या 1,800 हो चुकी है। हमारे पास अंडर-16, अंडर-19, ओपन लीग, प्रोफेशनल टी20 लीग, डीपीएल जैसे आयोजन हैं। इसके अलावा महिलाओं के लिए भी क्लब लेवल क्रिकेट की शुरुआत की गई है। हम खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा मौके देना चाहते हैं।' इस मौके पर डीडीसीए के डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा ने कहा, 'जब रोहन जेटली डीडीसीए के अध्यक्ष बने, तो वह एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करना चाहते थे, जहां दिल्ली के बच्चों का टैलेंट लोगों को दिखे। हमने पिछले साल डीपीएल की शुरुआत की, जो बेहद सफल रहा। मैच के दौरान 20-22 हजार फैंस आए। खिलाड़ियों को शानदार प्लेटफॉर्म मिला। इसी प्लेटफॉर्म से निकलकर कुछ खिलाड़ी आईपीएल खेले। हम चाहते हैं कि इस बार और ऊपर जाएं और कम से कम 10 खिलाड़ी भारतीय टीम का दरवाजा खटखटाएं।'

## सार संक्षेप

### जमशेदपुर में 'डूरंड कप ट्रॉफी' का अनावरण, राज्यपाल ने बताया झारखंड के लिए गर्व का क्षण

**जमशेदपुर।** 134वें डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत 23 जुलाई से हो रही है, जिसकी ट्रॉफी का अनावरण सोमवार को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में किया गया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने डूरंड कप जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन को झारखंड के लिए गर्व का क्षण बताया है। इस फुटबॉल टूर्नामेंट में 24 टीम भाग ले रही हैं। जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में छह मुकाबले खेले जाने हैं। सोमवार को एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में ट्रॉफी टूर कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल संतोष गंगवार और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में फुटबॉल फैंस उपस्थित थे। राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा, 'इस मौके पर न सिर्फ जमशेदपुर, बल्कि पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। एशिया के सबसे प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल डूरंड कप की चमचमाती ट्रॉफी का अनावरण इस बात का प्रतीक है कि झारखंड की खेल संस्कृति निरंतर नई ऊचाइयों को छू रही है।'

### अब महाराष्ट्र क्रिकेट टीम के लिए खेलेंगे पृथ्वी शॉ, हो गया आधिकारिक ऐलान

**पुणे।** क्रिकेटर पृथ्वी शॉ लंबे वक्त से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेल सके हैं। अब उन्होंने घरेलू स्तर पर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को अलविदा कहते हुए आगामी सत्र से महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन के लिए खेलने का फैसला किया है। अपने फैसले के बारे में पृथ्वी शॉ ने कहा, 'करियर के इस मोड़ पर, मैंने एक क्रिकेटर के रूप में अपनी ग्रोथ और डेवलपमेंट के लिए महाराष्ट्र टीम की ओर से खेलने का फैसला किया है। मैं एक बार फिर मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से अब तक मिले अवसरों और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता हूं।' उन्होंने कहा, 'महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन पिछले कुछ वर्षों से पूरे राज्य में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की खास कोशिशें कर रहा है। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग, महिला एमपीएल, कॉर्पोरेट शील्ड, डीबी देवधर ट्रॉफी जैसे इवेंट्स इसके प्रमाण हैं। इसलिए, मेरा मानना है कि इस तरह के माहौल में खेलना मेरे करियर को एक नया मोड़ देगा।'

### एमएलसी 2025: एमआई न्यूयॉर्क की सीजन में सातवीं हार

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 29वें मैच को अपने नाम किया। इस टीम ने फ्लोरिडा में एमआई के खिलाफ खेले गए मुकाबले को छह विकेट से जीता। गीली आउटफील्ड के चलते यह मुकाबला 18-18 ओवरों का था। पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी वाशिंगटन ने इस सीजन 10 में से आठ मैच अपने नाम किए हैं। टीम प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पायदान पर है, जबकि 10 में से सात मुकाबले गंवा चुकी एमआई न्यूयॉर्क की टीम चौथे स्थान पर प्लेऑफ की टिकट हासिल करने की जंग लड़ रही है।

# सौरव गांगुली : एक जौहरी, जिसने बदल दी भारतीय क्रिकेट की तस्वीर

## गांगुली एक आक्रामक कप्तान थे। उनकी कप्तानी में भारत ने बेखौफ अंदाज में खेलने की संस्कृति अपनाई



**नई दिल्ली,** 7 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के इतिहास में अब तक कई कप्तान आए हैं। सभी ने अपने-अपने कार्यकाल में टीम के लिए बेहतर करने की कोशिश की। लेकिन, जिस कप्तान ने अपनी नेतृत्व क्षमता से भारतीय क्रिकेट की तस्वीर बदल दी और टीम को दुनिया की शीर्ष और मजबूत टीमों में शुमार कराया उसका नाम सौरव गांगुली है। सौरव गांगुली को 2000 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी सौंपी गई थी। यह वह दौर था जब टीम फिक्सिंग के आरोपों से जूझ रही थी। प्रदर्शन के आधार पर विश्व विजेता टीम होने के बाद भी कमजोर टीमों में गिनी जाती थी। विदेशों में जीत भारतीय टीम के लिए सपना हुआ करती थी। लेकिन, गांगुली ने अपनी नेतृत्व क्षमता, खिलाड़ियों की परख और उनसे प्रदर्शन निकलवाने की काबिलियत के दम पर भारतीय क्रिकेट का चेहरा ही बदल दिया।

कप्तान बनने के बाद सौरव गांगुली ने उन खिलाड़ियों को मौका दिया जिन्होंने आगे चलकर भारतीय क्रिकेट की तस्वीर ही बदल दी। इन खिलाड़ियों में युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, हरभजन सिंह, जहीर खान, आशीष नेहरा, गौतम गंभीर, एम. एस. धोनी, और वीरेंद्र सहवाग जैसे नाम प्रमुख हैं। ये सभी खिलाड़ी आज भारतीय क्रिकेट के श्रेष्ठतम खिलाड़ियों में शुमार होते हैं। इसके पीछे गांगुली की पारखी नजर थी।

**गांगुली को 2000 में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी सौंपी गई थी**

गांगुली एक आक्रामक कप्तान थे। उनकी कप्तानी में भारत ने बेखौफ अंदाज में खेलने की संस्कृति अपनाई। इस वजह से टीम को टेस्ट और वनडे दोनों ही फॉर्मेट में बड़ी सफलता मिली। 2000 में फिक्सिंग के आरोपों का सामना कर रही भारतीय टीम इसी साल गांगुली की कप्तानी में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेली, 2002 में संयुक्त रूप से श्रीलंका के साथ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की विजेता रही, और 2003 में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला। सौरव गांगुली की कप्तानी में भारत ने विदेश में जीतना सीखा। नेटवेस्ट ट्रॉफी (2002) इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें भारत ने फाइनल में इंग्लैंड को उसकी धरती पर हराया। भारत ने टेस्ट में विदेश में अपना प्रभाव जमाना और जीतना गांगुली के दौर में ही सीखा। गांगुली 2005 तक कप्तान रहे। 5 साल के अपने कार्यकाल में फिक्सिंग के आरोपों का सामना करने वाली टीम को उन्होंने दुनिया की मजबूत क्रिकेट टीम बनाया।


गांगुली ने धोनी को दिनेश कार्तिक पर प्राथमिकता दी थी। धोनी न सिर्फ भारत के सर्वश्रेष्ठ और सफलतम कप्तान बने बल्कि दुनिया के सफलतम विकेटकीपर बल्लेबाज भी बने। धोनी ने 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप अपनी कप्तानी में जीता। इसमें अहम भूमिका उन खिलाड़ियों की रही, जिनके करियर की उड़ान गांगुली की कप्तानी में शुरू हुई थी। युवराज, सहवाग, हरभजन और गंभीर इन सभी का दोनों विश्व कप जीतने में अहम योगदान रहा था। गांगुली जब बीसीसीआई अध्यक्ष थे, तब विराट की जगह रोहित शर्मा को कप्तान बनाने का उन्होंने निर्णय लिया। इसका परिणाम हमें टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के खिताब के रूप में मिला।

देशबन्धु

# नदी में गिरा अरहर दाल से भरा ट्रक, 2 घायल

**मालथौन, देशबन्धु।** स्टेट हाइवे मालथौन बीना रोड के अण्डेला नदी के पुल से अचानक अनियंत्रित होकर दाल से भरा ट्रक नदी मे पलट गया। ट्रक में भरी दाल की बोरिया नदी में बिखर गई। नदी में से बमुश्किल ट्रक के अंदर फसे ड्राइवर को निकाला गया। ग्रामीणों व पुलिस की तत्परता से क्लीनर व ड्राइवर की जान बच सकी, लेकिन गंभीर रूप घायल हालत में 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अण्डेला नदी पुल पर आये दिन हादसे होते रहते है पुल क्षतिग्रस्त हालात में है पुल पर लगे रेलिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी है पुल अक्सर हादसे होते है एक तरह से खतरनाक स्पॉट बना हुआ हैं अंधे मोड़ में पुल बना हुआ है जहां अचानक वाहन रफ्तार अनियंत्रित होकर हादसों के शिकार हो जाते हैं। जानकारी के अनुसार रात्रि दस बजे के करीब बीना से दिल्ली चना दाल भरकर जा रहा था। अण्डेला नदी के पुल से ट्रक पुल की रेलिंग से टकरा कर नीचे गिर गया हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंच गये, उनकी मदद से क्लीनर को बाहर निकाल लिया गया। लेकिन ड्राइवर अंदर दबा हुआ था। रहवासियों द्वारा तत्काल डायल



100 और पुलिस थाना पुलिस को सूचना दी मौके पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। पुलिस ने तत्काल गंभीरता दिखाते हुये ट्रक के अंदर बुरी तरह से फंसे ड्राइवर को निकालने के लिये टोल प्लाजा मालथौन से हाइड्रा क्रेन वाहन को बुलवाया गया जिसकी मदद से कढ़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को निकाला गया। तत्काल घायल स्थिति में ड्राइवर को 108 एम्बुलेंस से सीएससी भेजा गया जहां प्राथमिक के उपरांत जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस और हाइड्रा के चालक को एक घण्टे तक निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। स्थानीय रहवासी खेत सिंह लोधी बताते है जैसे ट्रक पुल के नीचे गिरने की आवाज आई हम लोगो ने आकर देखा ट्रक गिर गया नीचे उतरकर क्लीनर को बाहर निकाला उससे पूछा कि ड्राइवर कहा है उसने बताया अंदर है जिसे हम लोगो निकालने की कोशिश की लेकिन उसका पैर दबा था। थाना प्रभारी अशोक यादव ने बताया कि रविवार की रात्रि 10 बजे के लगभग दाल से भरा ट्रक अण्डेला पुल के नीचे गिरने की सूचना मिली। मौके तत्काल पुलिस बल के साथ पहुंचकर देखा कि डाइवर अंदर फसा था। आसपास के लोग भी एकत्रित हो गये थे। टोल प्लाजा के हाइड्रा गाड़ी को बुलाकर कढ़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को निकाला गया जिसे 108 की मदद से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# सड़क पर चलते ट्रक में लगी आग, ड्राइवर क्लीनर ने कूदकर बचाई जान



**गौरझामर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के फोरलाइन बरकोटी तिगड्डा के पास सोमवार दोपहर को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। करीब 12.30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक में अचानक आग लग गई। ट्रक क्रमांक एमपी 06 एचसी 9647 नरसिंहपुर से सागर की तरफ आ रहा था। जानकारी के अनुसार ट्रक में लोहे के पाइप लोड थे। बताया जा रहा है कि ट्रक की केबिन में तारों में इस्परकिंग से आग लगी और देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। जैसे ही आग लगी, ट्रक ड्राइवर और क्लीनर ने तुरंत समझदारी दिखाते हुये चलते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। आग बढ़ते बढ़ते डीजल टैंक तक पहुंची और डीजल टैंक में आग लगने से आग में और विकराल रूप धारण कर लिया मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही गौरझामर पुलिस और नेशनल हाईवे की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई। एहतियातन एक तरफ का मार्ग पूरी तरह से बंद कर दिया गया ताकि किसी और वाहन या लोगों को नुकसान न पहुंचे। सुरखी से पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी रही, लगभग ढाई घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे के कारणों की पुलिस जांच कर रही है।

### पशु मुक्त होंगी जिले की चार मुख्य सड़कें

## पशुओं को जप्त कर जुर्माना लगाने की कार्यवाही करें: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी आर ने नई पहल करते हुये पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिले की चार मुख्य सड़कों से पालतू एवं आवारा पशुओं से मुक्त कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सीएमओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी प्रमुखता से कार्यवाही करें और पशुओं को मुख्य सड़कों से पकड़कर निजी एवं शासकीय गौशालाओं में भेजें एवं पशु मालिकों पर प्रत्येक पशु के हिसाब से जुर्माने की कार्यवाही करें और जुर्माने के बाद यदि कोई पशु सड़क पर आता है तो संबंधित पशु मालिक पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि इसके लिये संबंधित सड़कों पर सड़कों से लगी हुई ग्राम पंचायते, नगरीय निकाय के कोटवार, सचिव, सहायक सचिव, पटवारी, संबंधित अधिकारी आवारा पशु सड़क पर न आएं इसकी विशेष मॉनीटरिग करेगे और कार्यवाही करेगे। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी संबंधित सीईओ, सीएमओ कैटल कैचर वाहन क्रय कर एवं किराये पर लेकर शक्ति से कार्यवाही करें जिससे कि कोई भी पशु सड़कों पर विचरण न कर सके। विचरण करने से अनेक दुर्घटनायें होती है एवं जनहानि होती है। कलेक्टर ने बताया कि सागर-भोपाल रोड जिसमें सागर से बागरौद चौराहा तक, राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के अंतर्गत महारापुर से मालथौन तक की फोरलेन सड़क, सागर से छतरपुर रोड, सागर से जबलपुर रोड शामिल हैं। उक्त सभी सड़कों पर टोल टैक्स कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा करें एवं पशुओं को पकड़ने के लिये आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत करायें। सभी पशुओं को पकड़कर गौशाला में सिफ्ट किया जाये। गौशालाओं में शासन की ओर से प्रत्येक पशु प्रत्येक दिन के हिसाब से 40 रुपये की राशि प्रदान की जाती है जिससे कि उचित रखरखाव हो सकेगा।

## मंदिरों में चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार



**सागर, देशबन्धु।** गोपालगंज थाना पुलिस ने मंदिरों की दानपेटियों से नकदी चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आदतन अपराधी लखन उर्फ गिल्ले पटेल है, जिसके खिलाफ 22 आपराधिक केस दर्ज हैं। वहीं दूसरा आरोपी मोहन रैकवार है, जिसने मां सिद्धेश्वरी धाम मंदिर में चोरी की कोशिश की थी। 30 जून की रात अज्ञात चोरों ने न्यायालय परिसर स्थित हनुमान मंदिर, शिव मंदिर, पीटीसी ग्राउंड के सामने बीजासेन देवी मंदिर और मरही माता मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दानपेटियों के ताले तोड़कर नकद राशि चुराई और फरार हो गये। गोपालगंज पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। जांच के दौरान गौरझामर निवासी लखन उर्फ गिल्ले पिता गुड्डा पटेल का नाम सामने आया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे सरखेड़ा तिगड्डा से पकड़ा और थाने लाकर पूछताछ की, जिसमें उसने मंदिरों में चोरी करना कबूल किया। आरोपी लखन पर गौरझामर, गोपालगंज, कोतवाली, मकरोनिया और रहली थानों में 22 केस दर्ज हैं। वहीं 4 जुलाई की रात गोपालगंज थाना क्षेत्र स्थित मां सिद्धेश्वरी धाम मंदिर तिली तिगड्डा में चोरी की कोशिश की गई थी। पुलिस ने झंडा चौक निवासी मोहन पिता गोकलप्रसाद रैकवार 50 वर्ष को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने भी चोरी की कोशिश कबूल की। गोपालगंज थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि दोनों आरोपियों से अन्य मामलों को लेकर पूछताछ जारी है। पुलिस अब इनके द्वारा की गई अन्य वारदातों की भी जांच कर रही है।

**एक पर 22 केस दर्ज, दूसरे ने सिद्धेश्वरी मंदिर में की थी सेंधमारी की कोशिश**

## जल जीवन मिशन के कार्यो को तेजी से पूर्ण करायें: कमिश्नर



**सागर, देशबन्धु।** कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजनाओं और हर घर जल योजनाओं के निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कमिश्नर ने निर्देशित किया है कि जल जीवन मिशन के कार्यों का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों और नगरीय क्षेत्र के लोगों को समय पर मिलना चाहिये। जल जीवन मिशन शासन का अति महत्वपूर्ण मिशन है। जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार का गतिरोध नहीं होना चाहिये। लोक निर्माण विभाग की अधूरी सड़कों और निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण किया जाये। उक्त निर्देश विकास एवं निर्माण कार्यों की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में दिये। कमिश्नर ने अटल भूजल योजना के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कर्मचारी संघ ने स्थाई कर्मियों को नियमित करने व समस्त सुविधायें प्रदान करने ज्ञापन सौंपा



**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम कर्मचारी संघ ने निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शासन आदेश के तहत नगर निगम में कार्यरत सभी स्थाई कर्मियों को नियमित कर शासन द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाये। ज्ञापन में कर्मचारी संघ ने लेख किया है कि समस्त स्थाई कर्मियों को 7 अक्टूबर 2016 के आदेश के परिपालन में विनियमितीकरण का लाभ दिया गया था तभी स्थाई कर्मियों को 05/2016 एवं 29 सितंबर 2017 के आदेश में समस्त हितलाभ दिये जाने का लेख था परंतु नगर निगम प्रशासन द्वारा आज दिनांक तक स्थायीकर्मियों को किसी भी प्रकार के लाभ प्रदान नहीं किये गये हैं। हम सभी स्थाईकर्मियों को नियमित कर्मचारियों के समान वेतनवृद्धि, गृह भाडा अवकाश संबंधी लाभ दिये जाये। शासन आदेश के पालन में स्थाई कर्मियों को चतुर्थ श्रेणी में नियमित किये जाने के आदेश हैं परंतु आज दिनांक तक नियमित नही किया गया है। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन में 16 मई 2007 में शासन आदेश पालन में 31 मई 2011 को सफाई संरक्षकों को नियमितीकरण का लाभ प्रदान किया गया है। परंतु स्थाईकर्मियों को इस लाभ से आज दिनांक तक वंचित रखा गया है। अत: हम सभी कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुये हमे भी शासन आदेश के पालन में नियमितिकरण का लाभ प्रदान करे। निगमाध्यक्ष ने सभी स्थाई कर्मियों को आश्वत किया कि इस संबंध में निगमायुक्त से चर्चा कर शासन आदेश का पालन करते हुये सभी स्थाई कर्मियों को नियमितीकरण का लाभ देने के लिये आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर धमेंद्र खटीक, राजेंद्र सनकत, कंचन गर्ग, भोला करोसिया, रामरतन, नीलेश चौरसिया, श्रीराम चौरसिया सहित बड़ी संख्या में स्थाईकर्मी उपस्थित थे।

## रामघाट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित दो सहायक शिक्षक निलंबित

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने गुरुवार को संत रविदास वार्ड स्थित शास. प्राथ. विद्यालय रामघाट सागर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा चौथी एवं पांचवी के छात्र-छात्राओं से संवाद किया और विद्यालय के खुलने-बंद होने की जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधान अध्यापक एवं सहायक शिक्षक मोहन अग्रवाल अनुपस्थित पाये गये एवं सहायक शिक्षक पंकज सिंह निरीक्षण के दौरान विद्यालय पहुंचे, किंतु उनके व्यवहार में नशे की आशंका के चलते कलेक्टर ने कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द जैन ने शासकीय प्राथ. विद्यालय, रामघाट सागर के प्रभारी प्राचार्य मोहन अग्रवाल एवं सहा. शिक्षक पंकज सिंह को कम उपस्थिति लापरवाही बरतने, निर्देशों का पालन न करने एवं अन्य अनियमितताओं पर कार्यवाही करते हुये तत्काल प्रभाव से निलंबित किया।

## संत रावतपुरा सरकार का जिलाध्यक्ष के निवास पर हुआ आगमन



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी के तहसीली स्थित निवास पर संत रावतपुरा सरकार का आगमन हुआ। जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी की माता जी सहित सभी परिवारजनों ने भव्य अगवानी की। अगवानी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय जन दर्शनों को पहुंचे। वहीं स्थानीय निवासियों ने द्वार-द्वार पर रंगोली सजाकर पुष्प वर्षा करते हुये रावतपुरा सरकार के दर्शन किये। उन्होंने सभी उपस्थित भक्त जनों को आशिर्वाद प्रदान किया। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने दी।

## शत प्रतिशत घरों में पेयजल सप्लाई एवं कलेक्शन करने पर दो सरपंच पुरुस्कृत

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर ने जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से जल निगम के द्वारा जिले के राहतगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिचपुरी एवं बण्डा विकासखंड के ग्राम कंदारी के सरपंचों को शत प्रतिशत घरों में पेयजल सप्लाई कर शत प्रतिशत मासिक किराया लेने पर प्रमाण पत्र देकर पुरुस्कृत किया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में इसी प्रकार से सभी ग्रामों कार्यवाही की जाना है जिससे कि जिले में शत प्रतिशत घरों को समय पर पेयजल उपलब्ध हो सके और उसके मासिक राशि का कलेक्शन भी संबंधित पंचायत को मिल सके। बिचपुरी सरपंच प्रदीप साहू एवं कंदारी पनारी सरपंच कृष्णकुमार सिंह ठाकुर के द्वारा अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में जल निगम के माध्यम से 100 प्रतिशत परिवारों को पेयजल उपलब्ध कराया और मासिक राशि लेकर निर्विघ्न रूप से पेयजल सप्लाई का संचालन हो रहा है।

## निगम कर्मचारी के निधन पर शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी



**सागर, देशबन्धु।** नगर निगम में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी राघवेन्द्र बिल्थरिया के आकस्मिक निधन पर निगम सभाकक्ष में शोक सभा आयोजित की गई जिसमें दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से उनकी आत्मशांति हेतु प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पार्षद बब्बू यादव, रोशनी बसीम खान, महेश जाटव, शिवशंकर यादव, ताहिर मासाब, नीलोफर चमन, लेखाधिकारी हर्ष केशरवानी, लेखापाल अभिषेक तिवारी, मनोज अग्रवाल, संजय सोनी, कल्पना श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**बंडा, देशबन्धु।** बंडा न्यायालय ने एक जघन्य हत्या के मामले में फैसला सुनाते हुये आरोपी शंकर सौर आदिवासी को आजीवन कारावास और 1000 के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश आशीष परसाई द्वारा सुनाया गया। इस गंभीर प्रकरण में शासन की ओर से वरिष्ठ एडीपीओ ताहिर खान ने पैरवी की। शासन द्वारा इस मामले को चिन्हित एवं जघन्य सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में रखा गया था। घटना का विवरण प्रकरण के अनुसार 23 मई 2022 को फरियादी मुकेश रैकवार का भाई दिनेश उर्फ दीपेन्द्र शाम लगभग 4 बजे घर से जमनेरा की ओर गया था। उसी दिन रात लगभग 7.45 बजे जब फरियादी शाहगढ़ लौट रहा था, तो बीएसएनएल कार्यालय के सामने से किसी के चीखने की आवाज सुनाई दी। जब वह वहां पहुंचा तो देखा कि एक व्यक्ति आग में जल रहा है और एक अन्य व्यक्ति जंगल की ओर भागते हुये दिखाई दिया। जली हुई हालत में व्यक्ति दिनेश उर्फ दीपेन्द्र ही था, जिसने अपने भाई मुकेश को बताया कि शंकर आदिवासी ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। गंभीर रूप से झुलसे दिनेश को तत्काल शाहगढ़ अस्पताल लाया गया, जहां से उसे सागर रेफर किया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। थाना शाहगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध हत्या का मामला धारा 302 भा.द.सं. पंजीबद्ध किया। पुलिस द्वारा जप्त सामग्री को एफएसएल जांच हेतु भेजा गया। गहन विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी शंकर सौर आदिवासी को दोषी मानते हुये आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## पौधों के संरक्षण के लिये पालक नियुक्त करें पौधारोपण की नियमित जानकारी दें: चतुर्वेदी



**सागर, देशबन्धु।** पर्यावरण को सुरक्षित रखने और हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक पेड़ मां के नाम अभियान मील का पत्थर साबित होगा। अभियान के अंतर्गत लगायें जाने वाले पौधों की देखभाल के लिये पालक नियुक्त करें जो नियमित रूप से इन पौधों की निगरानी और सुरक्षा का दायित्व निभायेंगे। जिसमें पार्टी पदाधिकारी जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं सहित आमजनों की सहभागिता हो। यह बात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एक पेड़ मां के नाम के प्रदेश संयोजक चौ. मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने जिला पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुये कही। बैठक में जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, प्रभु दयाल पटेल मुख्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिये जिलास्तरीय टोली का गठन किया गया है, टोली नियमित रूप से पौधारोपण की स्थिति की समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने अभियान के निमित्त हुये पौधारोपण की विस्तृत जानकारी दी। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि बैठक में जिला महामंत्री रामेश्वर नामदेव, देवेन्द्र कटारे, निकेश गुप्ता, आलोक केशरवानी, देवेन्द्र फुसकेले, यश अग्रवाल, नितिन सोनी, राहुल नामदेव सहित पदाधिकारी आपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## मतदान केंद्रों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया



**सागर, देशबन्धु।** राज्य निर्वाचन आयोग के उपसचिव सुतेश शाक्य ने जैसीनगर की ग्राम पंचायत अगरा एवं ग्राम पंचायत औरिया के मतदान केंद्रों का भ्रमण कर चुनाव के लिये आवश्यकताओं के अनुसार व्यवस्थायें सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। उनके साथ आयोग के सेक्टर अधिकारी एवं जैसीनगर के तहसीलदार निर्मल सिंह राठौर उपस्थित थे।

## बण्डा-सागर मार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**बण्डा, देशबन्धु।** सागर-बण्डा मार्ग पर स्थित ग्राम सौरई के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस समय हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलते ही डायल.100 मौके पर पहुंची और तत्काल मृतक की शिनाख्त में जुट गई है। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिये सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया है। मृतक की पहचान और हादसे के वास्तविक कारणों की जांच जारी है। फिलहाल ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है।



## हरि नहीं मिले हैं तो कल मिलेगे, हरि नाम में खोकर तो देखो गुरू मिल गये तो हरि भी मिलेगे: किशोर दास

**सागर, देशबन्धु।** श्री भक्तमाल कथा के पंचम दिवस में महंत किशोर दास देव जू महाराज श्री राम वृंदावन ने अपनी अमृतमय वाणी से कहा कि मां की ममता जैसी होती है बालक कैसा भी किचड में सना क्यों न हो पर मां उस गंदगी में लिपटे उस बालक को देखती है उस गंदगी को नहीं देखती ऐसे ही जिनमें हमारी स्वामिनी श्री प्रिया जी हमारे भीतर की गंदगी नहीं देखती। करुणामयी कृपा मयी इसको नष्ट करेंगी। हमारे ह्दय को निर्मल बना देती है कैसे भी विकार क्यों न हों जैसे ही हम ठाकुर जी के चरणों की ओर बढ़ेगे तो हमें बाहें फैलाकर ठाकुर जी अपने ह्दय से लगा लेगे। जिस मां ने हमें जन्म दिया है वह भी उतना प्रेम नहीं करेगी। जितना प्रेम हमारे लिये हम जीवों के लिये युगल सरकार प्रेम करते हैं हम जीवों से हम लोगों की जब गुरू चरण युगल सरकार से हमारे लिये प्रिया जी से प्रेम स्नेह मांगते हैं हमारे ठाकुर जी हमसे बहुत प्रीति करते है और ह्दय को निर्मल कर देते है भटकने की जरूरत नहीं है तुम तो युगल सरकार के चरणों को पकड लो संसार क्या, मै मेरा, तू तेरा, में संसार पड़ा है जो अपना पन ठाकुर जी के चरणों में जुड जाता है तो भगवान रीझ जाते हैं हरि जितना प्यार इस जग में हमसे कोई नहीं कर सकता जितना प्रेम युगल सरकार हमसे करते हैं। सोमवार की कथा में महंत रामाश्रय दास, राधारमण दास, केशव गिरी महाराज, नवीन महाराज आदि संत जनों ने आरती एवं व्यास पीठ को प्रणाम करके गुरू देव का आशीर्वाद लिया। श्री गोपाल महायज्ञ में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्वान पंडितों के द्वारा किया जा रहा है मंत्र उच्चरण के साथ सैकड़ो आहूतियां प्रतिदिन दी जा रही है



स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।